दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। मंगलवार 27 मई-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 157 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







# नाहल गांव में दबिश देने आए सिपाही की गोली मारकर हत्या

## गाजियाबाद पुलिस ने अब तक मुख्य आरोपी सहित पांच बदमाश किए गिरफ्तार

**- दो बदमाशों से हुई पुलिस की मुठभेड़, तीन को दबिश देकर दबोचा**

**- देर रात में ही पुलिस कमिश्नर, एडिशनल सीपी और डीसीपी देहात जोन ने स्थिति कर ली थी कंट्रोल**









**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के देहात जो अंतर्गत आने वाले मसूरी थाने के नाहल गांव में दबिश देने आई नोएडा पुलिस और बदमाशों के बीच आमना-सामना हो गया। इस दौरान बदमाशों ने जहां पुलिस पर पहले पथराव किया, तो इस दौरान बदमाशों की गोली लगने से नोएडा फेस 3 गौतम बुद्ध नगर में तैनात सिपाही सौरभ कुमार की गोली लगने से मौत हो गई। जैसे ही गाजियाबाद पुलिस को गौतम बुद्ध नगर पुलिस के सिपाही की गोली मारकर हत्या की सूचना मिली, तो भारी संख्या में पुलिस बल और गाजियाबाद के पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़, एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी, डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी और कई थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंचा। उधर गंभीर रूप से घायल हुए नोएडा पुलिस के सिपाही सौरभ कुमार को नेहरू नगर स्थित यशोदा अस्पताल लेकर जाया गया था, जहां रविवार की देर रात चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। इसके बाद नोएडा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह, एडिशनल कमिश्नर राजीव नारायण मिश्र सहित कई अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। उधर नोएडा पुलिस के सिपाही की हत्या के मामले में गाजियाबाद पुलिस ने 24 घंटे के भीतर ही मुख्य आरोपी कादिर को धर दबोचा है। पता चला है कि कादिर पर गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर सहित अन्य शहरों में एक दर्जन से अधिक गंभीर अपराध के मुकदमे दर्ज हैं। तो वहीं इस मामले में स्वॉट टीम देहात और मसूरी पुलिस द्वारा मुठभेड़ के बाद नन्हू, अब्दुल सलाम को गिरफ्तार किया गया है। तो वहीं लगातार दबिश देखकर मुशाहिद और अब्दुल खालिद को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। एसीपी मसूरी लिपि नगायच का कहना है कि इस मामले में पुलिस अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है, जो सिपाही सौरभ की हत्या और पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में वंचित थे और उनके नाम प्रकाश में आए थे।



### बदमाशों ने पहले नोएडा पुलिस पर किया था पथराव, फिर चलाई थी गोली

करंट क्राइम : पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार फेस 3 गौतम बुद्ध नगर की एक टीम लूट के मामले में वांछित कादिर नाम के बदमाश की गिरफ्तारी के लिए मसूरी थानाक्षेत्र के नाहल गांव में आई थी। बताया जा रहा है कि रात को जब पुलिस टीम पहुंची तो कादिर और उसके आधा दर्जन से अधिक साथियों ने पुलिस टीम पर पहले पथराव किया और फिर बदमाशों की गोली लगने से सौरभ नाम के सिपाही को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया था, जहां उसकी मौत हो गई थीं। सिपाही की मौत की सूचना के बाद ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद और नोएडा के अधिकारी अलर्ट मोड पर आ गए थे। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर जहां मौके के लिए रवाना हुए थे। तो वहीं नोएडा पुलिस कमिश्नर मृतक सिपाही के मामले को लेकर रात को ही यशोदा अस्पताल पहुंच गई थी।

### देर रात ही पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद और कई टीमों ने डाल लिया था नाहल गांव में डेरा



करंट क्राइम : नोएडा पुलिस के सिपाही सौरव की हत्या की जानकारी जैसे ही गाजियाबाद पुलिस के शीर्ष अधिकारियों को मिली तो वो तुरंत गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़, एडिशनल सीपी अपराध एवं कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी, डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी, मसूरी पुलिस और बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई थी। रात में ही टॉर्च की मदद से कई इलाकों और खेत में कांबिंग ऑपरेशन भी चलाया गया। तो वहीं संभावित ठिकानों में रातभर दबिश दी गई थी।

### नोएडा पुलिस कमिश्नर ने खुद की एक लाख की आर्थिक मदद और 74 लाख की पुलिस ने की मदद

करंट क्राइम : इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने गई नोएडा पुलिस के सिपाही सौरभ की हत्या के मामले के बाद नोएडा पुलिस द्वारा बाकायदा आरोपी को श्रद्धांजलि और दुख प्रकट किया गया है। तो वहीं गौतम बुद्ध नगर पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह द्वारा अपने वेतन से एक लाख रुपये की आर्थिक मदद देने के साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गौतम बुद्ध नगर के सभी पुलिस कर्मियों का एक दिन का वेतन भी मृतक परिवार को आर्थिक सहायता के रूप में दिया गया है। इस तरीके से कुल मिलाकर 75 लाख 16 हजार रुपए की मदद मृतक सौरभ सिपाही के परिवार को पुलिस परिवार की ओर से दी गई है।

### शामली का रहने वाला था मृतक सिपाही सौरभ

करंट क्राइम : नोएडा पुलिस के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार बदमाश की गोली लगने से नोएडा पुलिस फेस 3 गौतम बुद्ध नगर के सिपाही सौरभ की मौत हुई है। सौरभ मूलरूप से शामली का रहने वाला था, वह दो भाइयों में सबसे छोटा था और बीते कई सालों से पुलिस की नौकरी कर रहा था। उसकी मौत की खबर सुनते ही परिवार और उसके गांव में शोक की लहर दौड़ गई।



> नोएडा के सिपाही की हत्या के मामले में मूसरी पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। अब तक मुख्य आरोपी सहित कुल पांच बदमाशों को पकड़ा जा चुका है। इसके साथ ही इस पूरे मामले की जांच हो रही है। वहीं कादिर के साथियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।
>
> **सुरेंद्रनाथ तिवारी**, डीसीपी ग्रामीण जोन पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद

### दोनों कमिश्नरेट पुलिस में दिखा कोऑर्डिनेशन



करंट क्राइम : बदमाश की गोली लगने से हुई सिपाही की मौत के मामले में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद और गौतम बुद्ध नगर के बीच कोऑर्डिनेशन देखने को मिला है। हत्या की सूचना मिलते ही जहां गाजियाबाद के पुलिस कमिश्नर खुद घटनास्थल पहुंचे थे, तो वही नोएडा पुलिस कमिश्नर ने सिपाही की मौत की खबर जान देर रात ही गाजियाबाद के नेहरू नगर से यशोदा अस्पताल पहुंची थी और पूरे मामले की जांच के लिए एडिशनल सीपी नोएडा राजीव नारायण मिश्र को जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

# एनएच-9 और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर रॉन्ग साइड पर अब नहीं कटेगा चालान, सीधे सीज होंगे वाहन

## हाईवे पर रॉन्ग साइड वाहनों के संचालन पर सख्ती के लिए बनाया गया नया प्लान

गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नेशनल हाईवे-9 और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसों में कमी लाने और इन हादसों में लोगों की मृत्यु संख्या कम हो इसके लिए गाजियाबाद पुलिस ने नया एक्शन प्लान बनाया है। यातायात पुलिस गाजियाबाद के अनुसार अब नेशनल हाईवे-9 और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर रॉन्ग साइड आने वाले वाहनों का चालान नहीं किया जाएगा बल्कि ऐसे वाहन चालकों के वाहन सीज किए जाएंगे। वाहन सीज करने की कार्रवाई का मकसद सड़क हादसों में कमी लाना बताया जा रहा है। इस अभियान को जल्द ही शुरू किया जाएगा और इसको प्रभावी बनाने के लिए लगातार यातायात पुलिस अभियान भी चलाएगी। बता दें कि बीते दिनों दिल्ली में सुरक्षित यातायात के लिए सड़क योजना 2025 का ब्लूप्रिंट तैयार किया गया था। जिसमें खुद केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों ने यहां प्रेजेंटेशन दी थी। जिसमें गाजियाबाद में हाईवे पर सड़क हादसों और सड़क हादसों में जान गंवाने के आंकड़े को कम करने का निर्देश दिया गया था। बताया जा रहा है उसी की कवायत के तहत यह नया प्लान लाया गया है।



### दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर रॉन्ग साइड वाहन लाने वाले हो जाएं अलर्ट



करंट क्राइम : गलत दिशा में वाहन ले जाना दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर ना सिर्फ हादसे को न्यौता है, बल्कि इसमें जान भी जा सकती है। इसके साथ ही यातायात पुलिस ने अलग प्लान बनाया है कि गलत दिशा में वाहन लेकर आने वाले दो पहिया और चौपाइया वाहन चालकों के चालान ना करके उनके वाहनों को ही सीज किया जाएगा ताकि वह भविष्य में इस प्रकार की गलती ना करें। एडीसीपी ट्रैफिक गाजियाबाद सच्चिदानंद ने जानकारी दी है कि इस अभियान को जल्द ही दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे और नेशनल हाईवे-9 पर शुरू किया जाएगा ताकि लोग गलत दिशा में वाहन ना लेकर आए।

### बीते दो साल में हुए हैं 109 भीषण सड़क हादसे

करंट क्राइम : गाजियाबाद में आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं। तो वहीं भीषण सड़क हादसों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। बीते दो साल में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत अलग-अलग थानाक्षेत्रों में 19 भीषण सड़क हादसे हुए हैं। वर्ष 2023 में जहां 71 हुए, तो यह वर्ष 2024 में 38 रह गए थे। गाजियाबाद यातायात पुलिस का प्लान है कि इस आंकड़े को वर्ष 2025 में और कम किया जाए। इसके लिए रॉन्ग साइड वाहनों पर सख्ती लगाने और कई अन्य जागरूकता अभियान चलाने के लिए भी तैयारी की जा रही है।

### दो साल में 90 लोगों की गई है कमिश्नरेट में सड़क हादसों में जान



करंट क्राइम : गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और देश की कई अन्य एजेंसियों जो की ट्रैफिक संचालन और सड़क हादसों में कमी लाने के लिए काम करती है, उनके सामने पीपीटी की प्रेजेंटेशन दी थी। जिसमें बताया गया था कि वर्ष 2023 में गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में कुल 57 मृत्यु हुई थी। तो वहीं 2024 में यह 33 हुई। हालांकि इसमें कुल 42% की कमी दर्ज की गई है लेकिन सड़क हादसों में लोगों की जान ना जाए, इसकी मृत्यु दर कम करने के लिए रॉन्ग साइड आने वाले वाहनों को सीज करने का प्लान अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने बनाया है।

# नेशनल हाईवे पर कम हों दुर्घटनाएं, लगेंगे एबीएस से लेकर हिंडन विजय नगर तक डिवाइडर पर लोहे के एंगल

## डिवाइडर पार ना कर सकें लोग, एनएचआईए को लिखा गया है पुलिस की ओर से लैटर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** अक्सर नेशनल हाईवे-9 और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर डिवाइडर कूदकर सड़क पार करने के दौरान हादसे होते हैं। जिसमें कई लोगों की जान गई है, तो कई बार भीषण सड़क हादसे भी हुए हैं। इसे रोकने के लिए भी गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस द्वारा नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया को एक लैटर लिखा गया है। जिसमें एबीएस इंजीनियरिंग कॉलेज से लेकर विजयनगर हिंडन पुल तक डिवाइडर के ऊपर लोहे के एंगल लगाने की मांग की गई है। ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि ऐसा करने से लोग एकदम से मुख्य मार्ग पर नहीं आएंगे और हादसों में भी इसके जरिए कमी आएगी। गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस के एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद ने बताया है इसके लिए लैटर लिखा गया है। जल्द ही इस पर काम शुरू हो जाएगा।

### क्रॉसिंग कट से लेकर विजयनगर तक कई जगह हैं डार्क जोन

करंट क्राइम : नेशनल हाईवे-9 और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर डिवाइडर पर ग्रिल को ऊंचा किया जाने के लिए गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस द्वारा इसलिए भी लैटर लिखा गया है क्योंकि नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा जो ग्रिल लगाई गई है, उसकी ऊंचाई अधिक नहीं है। इसकी वजह से लोग जल्दबाजी में डिवाइडर कूदकर दूसरी तरफ आते हैं और सड़क हादसे हो जाते हैं। इसके साथ ही क्रॉसिंग रिपब्लिक कट से लेकर हिंडन विजयनगर तक कई ऐसे डार्क जोन भी हैं, जहां आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं। इन सड़क हादसों के होने का मुख्य वजह लोगों का सड़क पर अचानक से आ जाना पाया गया है जिसके बाद यातायात पुलिस द्वारा यह फैसला लिया गया है।

### वाहनों की बनेगी हिस्ट्रीशीट, अनफिट वाहनों पर हो रही है कार्रवाई





करंट क्राइम। गाजियाबाद परिवहन विभाग ने यात्रियों की सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। विभाग अब उन वाहनों पर विशेष नजर रखेगा जिन पर तीन या अधिक चालान हैं और जिनका शुल्क बकाया है। एआरटीओ प्रशासन राहुल श्रीवास्तव के अनुसार, जनवरी से अब तक 302 अनफिट बसों पर कार्रवाई की गई है। इनमें से 102 बसों के परमिट रद्द करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। 85 वाहनों के निलंबन की सिफारिश की गई है। विभाग ने 119 वाहनों के डीएल रजिस्ट्रेशन की कार्रवाई पूरी कर ली है। इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना है। इससे बस मालिक और चालक अच्छी स्थिति के वाहन ही सड़क पर उतारेंगे। चालक नियमों का पालन करते हुए बस चलाएंगे। इस पहल से यात्रियों को बेहतर और सुरक्षित यात्रा की सुविधा मिलेगी।

# मुंबई में मई महीने की बारिश ने 107 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

## इस साल दक्षिण-पश्चिम मानसून ने सामान्य से पहले ही महाराष्ट्र में दी दस्तक, रेड अलर्ट पर पूरी मुंबई










**मुंबई।** महाराष्ट्र में दक्षिण-पश्चिम मानसून 107 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ते हुए समय से पहले प्रवेश कर चुका है। मुंबई में मूसलधार बारिश ने जनजीवन को रोक कर रख दिया है।

भारी बारिश की वजह से सड़कों पर जलभराव, रेलवे ट्रैकों पर पानी, और हवाई उड़ानों में देरी जैसी समस्याएं आम हो गई हैं। मौसम विभाग ने मुंबई के लिए येलो अलर्ट किया जारीभारतीय मौसम विभाग ने 26 मई को मुंबई के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। बारिश के चलते मुंबई एयरपोर्ट से उड़ान भरने और लैंड करने वाली कई फ्लाइट्स प्रभावित हुई हैं। इस स्थिति को देखते हुए स्पाइसजेट ने अपने यात्रियों को चेतावनी दी है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटे में भारी बारिश की संभावना बनी हुई है और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

### बारिश के कारण शहर में फ्लाइट और रेलवे के ऑपरेशन पर भी असर पड़ा





**निवासियों से घर से बाहर न निकलने की अपील की गई :** मुंबई नगर निगम ने निवासियों से अपील की है कि जब तक बहुत जरूरी न हो, घर से बाहर न निकलें। साथ ही शहर की 96 इमारतों को असुरक्षित घोषित किया गया है और उनमें रह रहे लगभग 3,100 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया है।

मौसम विभाग के अनुसार इस साल दक्षिण-पश्चिम मॉनसून ने सामान्य से पहले ही महाराष्ट्र में दस्तक दे दी है।

अगले कुछ दिनों में मुंबई में तेज बारिश के साथ पूरी तरह सक्रिय होने की संभावना है। मुंबई, ठाणे और पालघर जैसे तटीय जिलों के लिए चेतावनी जारी की गई है, जहां पर समुद्री हवाओं के तेज बहाव और बिजली गिरने जैसी घटनाओं की आशंका बनी हुई है, जिसके लिए स्थानीय प्रशासन ने नागरिकों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है।

साथ ही लोकल ट्रेनों और बसों की सेवाओं पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और यात्रियों को आवश्यक सलाह दी गई है कि वे सुरक्षित रहें और बिना जरूरत बाहर न निकलें।

#### अगले कुछ दिनों तक लगातार तेज बारिश रहेगी जारी

मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले कुछ दिनों तक मुंबई और महाराष्ट्र के कई हिस्सों में लगातार तेज बारिश जारी रहेगी, जिससे जनजीवन पर और अधिक प्रभाव पड़ सकता है। नागरिकों से अनुरोध है कि वे सतर्क रहें, स्थानीय प्रशासन की घोषणाओं का पालन करें और आवश्यक सावधानियां बरतें।

### पीएम का दो दिवसीय गुजरात दौराः दाहोद में किया जनसभा को संबोधित

# 'विश्व के बाजार में भारत की अलग पहचान' : पीएम मोदी

**वडोदरा।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अपने गृह राज्य गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचेंगे, जहां वह 82 हजार करोड़ के विकास कार्यों की सौगात देंगे। पीएम पांच शहरों में चार रोड शो और तीन जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इसके अलावा 'मेक इन इंडिया' के तहत दाहोद में 21 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत से स्थापित रेलवे उत्पादन यूनिट का लोकार्पण करेंगे। पीएम अपने दो दिवसीय दौरे के पहले दिन पीएम वडोदरा, भुज और अहमदाबाद में रोड शो करेंगे। साथ ही पीएम सोमवार को सोमनाथ-अहमदाबाद वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे।




वडोदरा में शानदार रोड शो के बाद पीएम मोदी दाहोद रवाना हो गए हैं, जहां पीएम मोदी लोको निर्माण शॉप-रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप का उद्घाटन करेंगे और कर्मचारियों से मुलाकात करेंगे। दाहोद के बाद पीएम भुज पहुंचेंगे, जहां रोड शो करेंगे और कई परियोजनाओं उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसके बाद पीएम शाम साढ़े सात बजे अहमदाबाद पहुंचेंगे, जहां अहमदाबाद एयरपोर्ट से इंदिरा ब्रिज तक 3 किमी लंबा रोड शो करेंगे। पीएम गांधीनगर राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि पूरी दुनिया ने भारतीय सेना का पराक्रम देखा है। यह नए भारत की तस्वीर है और ऑपरेशन सिंदूर हमारी क्षमता और बदलते भारत की तस्वीर है। 26 मई, साल 2014 में आज के ही दिन पहली बार मैंने प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली थी। मैं देश सेवा में जुटा हूं। इन सालों में देश ने वे फैसले लिए, जो अकल्पनीय थे। इन वर्षों में दशकों पुरानी बेडियों को हमने तोड़ा है। देश हर सेक्टर में आगे बढ़ रहा है। आज देश निराशा के अंधकार से निकलकर विश्वास के उजाले में तिरंगा फहरा रहा है। आज हम 140 करोड़ भारतीय मिलकर अपने देश को विकसित भारत बनाने के लिए जी-जान से जुटे हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि हमारे शूरवीरों ने वह कर दिखाया जिसने दुनिया ने इससे पहले नहीं देखा। हमने 22 मिनट में अता पता करके उन्हें मिट्टी में मिला दिया। बौखलाहट में जब पाकिस्तानी सेना ने दुस्साहस दिखाया तो भारतीय सेना ने भी धूल चटा दी। बंटवारे के बाद जिस देश का जन्म हुआ उसका एक ही लक्ष्य है भारत का नुकसान करना। हमारा लक्ष्य विकसित भारत का है।

# कोरोना का कहर! एक्टिव केस 1000 के पार

## दिल्ली में कोरोना के 100 से ज्यादा मामले आए

**कोरोना फिर से एक बार धीरे-धीरे अपने पैर पसारता दिख रहा है। ताजा आंकड़ों के अनुसार देश में एक बार फिर कोरोना वायरस के मामलों में तेजी से उछाल देखने को मिल रहा है।**




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक बार फिर कोरोना वायरस के मामलों में उछाल देखने को मिल रहा है। स्वास्थ्य विभाग के ताजा आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में वर्तमान में कोरोना के 104 एक्टिव केस (मामले) हैं। बीते एक हफ्ते में 99 नए मामले सामने आए हैं जो स्वास्थ्य प्रशासन और नागरिकों के लिए चिंता का विषय बन गया है। वहीं, अब पूरे देश में कोरोना के मरीजों की संख्या एक हजार के पार पहुंच गई है।

स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, बीते हफ्ते में 99 नए मामलों का दर्ज होना इस बात का संकेत है कि वायरस अभी-भी पूरी तरह नियंत्रित नहीं हुआ है। 104 सक्रिय मामलों के साथ, दिल्ली सरकार और स्वास्थ्य विभाग ने निगरानी और जांच को और तेज करने का फैसला किया है।

### कहां कितने केस

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, सबसे ज्यादा मामले केरल में 430 में है, उसके बाद महाराष्ट्र में 209 और दिल्ली 104 एक्टिव केसों के साथ तीसरे स्थान है। जबकि कर्नाटक में 34 नए मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही राज्य में एक्टिव मामलों की संख्या 47 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग ने आगे बताया कि गुजरात में 76 नए मामले सामने आए हैं, अब राज्य में एक्टिव मामलों की संख्या 83 हो गई है। तो हरियाणा में 8 नए मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही राज्य में एक्टिव केसों की संख्या 9 हो गई है। तो राजस्थान में 11 नए केस सामने आए हैं।

इसके साथ ही एक्टिव केसों की संख्या 13 हो गई है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल में भी 11 नए केस मिले हैं, इसके साथ ही एक्टिव केसों की संख्या 12 हो गई है। साथ ही यूपी में 15 नए केस मिले हैं।

वहीं, पुडुचेरी में एक मरीज ठीक हो कर घर चला गया है। अब राज्य में एक्टिव केसों की संख्या 9 हो गई है। साथ ही सिक्किम में भी एक मरीज ठीक होकर घर चला गया है। इसके साथ ही राज्य एक्टिव केसों की संख्या जीरो हो गई है। इसके अलावा कई राज्य और केंद्र शासित प्रदेश, जैसे अंडमान और निकोबार, असम, बिहार आदि में भी कोई एक्टिव केस नहीं है।

अधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों पर कड़ी नजर रख रहा है। साथ ही इससे पहले दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना को लेकर एक एडवाइजरी भी जारी की थी, जिसमें लोगों को भीड़ भाड़ वाली जगहों पर ना जाने की सलाह दी गई थी।

### दिल्ली सरकार ने जारी की एडवाइजरी

कोविड मामलों में हल्की बढ़ोतरी को देखते हुए दिल्ली सरकार ने शुक्रवार को एक एडवाइजरी जारी की है। इसमें सभी अस्पतालों को बेड, ऑक्सीजन, दवाएं और वैक्सीन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

चीन, थाईलैंड और सिंगापुर जैसे देशों में हाल में कोविड केस बढ़े हैं, जिसको लेकर भारत में भी सतर्कता बढ़ा दी गई है।

# ज्योति मल्होत्रा को 14 दिन की न्यायिक हिरासत




**चंडीगढ़/हिसारः** पाकिस्तान के लिए जासूसी की आरोपी यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को हिसार कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। पिछली बार जब पुलिस ने ज्योति को कोर्ट में पेश किया था तब कोर्ट ने ज्योति की रिमांड 4 दिन के बढ़ाई थी। इससे पहले कोर्ट ने ज्योति को पांच दिन के पुलिस रिमांड में भेजा था। 9 दिन की कुल पुलिस रिमांड के बाद अब कोर्ट ने ज्योति मल्होत्रा को 14 दिनों के जेल भेज दिया है।

**फॉरेंसिक रिपोर्ट में सामने आया सच :** इस बीच पाकिस्तान और ज्योति की गहरी दोस्ती का एक और सबूत सामने आया है। पाकिस्तान में यू-ट्यूबर ज्योति को सख्त सुरक्षा दी जाती थी। स्कॉटिश यूट्यूबर मिस्टर कैलम ने अपने वीडियो में ज्योति के पाकिस्तान कनेक्शन पर खुलासा किया है। उधर पाकिस्तान के एक यूट्यूबर जीशान हुसैन से ज्योति दोस्ती का भी खुलासा हुआ है। दोनों पाकिस्तान की इमेज बेहतर बनाने के लिए वीडियोज भी बनाते थे। जीशान ने ज्योति को पाकिस्तान का एंबेसडर तक बताया था। ज्योति मल्होत्रा के मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स की फॉरेंसिक रिपोर्ट सामने आई है। इस रिपोर्ट में ज्योति के पाकिस्तान के लिए जासूसी के लिंक मिले हैं। बता दें कि ज्योति के मोबाइल फोन और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स की फाइनल रिपोर्ट हिसार पुलिस को मिली है।

हिसार पुलिस ने ज्योति के मोबाइल और लैपटॉप से 12ळइ की डिजिटल फॉरेंसिक डाटा रिकवर किया है। पुलिस फिलहाल हिरासत की मांग नहीं कर रही, पहले डिजिटल सबूतों की गहराई से जांच करेगी। प्रारंभिक डाटा में ज्योति के खातों में संदिग्ध मनी ट्रेल का पता चला है। ज्योति चार ढक्ङ२ के संपर्क में थी और उनकी पहचान की उसको जानकारी थी। डिजिटल डेटा में किसी ग्रुप चैट के नहीं, बल्कि केवल वन-ऑन-वन बातचीत के सबूत हैं।

पहली पाकिस्तान यात्रा के बाद उसे विशेष वीजा और क्रकव पाक गृह मंत्रालय की मंजूरी से सुरक्षा मिली थी। पाकिस्तान यात्रा के वीडियो सामने आने के बाद उसके फॉलोअर्स और व्यूज में अचानक बढ़ोतरी हुई थी।

# भारत विकास परिषद मुख्य शाखा द्वारा चल रहे बाल संस्कार शिविर का समापन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारत विकास परिषद मुख्य शाखा इन्दिरापुरम द्वारा आयोजित छह दिवसीय बाल संस्कार शिविर का समापन किया गया। समारोह समाज के वरिष्ठ लोगों के द्वारा संपन्न हुआ। दीप प्रज्वलन एवं वन्दे मातरम के उपरांत बच्चों द्वारा कार्यशाला में बनाई गई पेंन्टिग व कलाकृति एवं बच्चों द्वारा कंठस्थ किया गया गीत एवं श्लोकों द्वारा हुई। कार्यशाला शिक्षक प्रोफेसर सुब्रतो रंजन एवं गीता मर्मज्ञ मधु बद्री, मघुबनी पेंटिंग माही अग्रवाल सीजल भट्ट ने बच्चों द्वारा बनाकर लाई गई। बच्चों को लूं गर्मी डायरिया आदि बीमारी से बचाव हेतू उपाय मकनपुर आरोग्य घाम डिस्पेंसरी की डां स्मृति शर्मा एवं फार्मिस्ट सुधीर द्वारा बताए गए बच्चों को एवं गुल्कोश एवं ओ,आर,एस के पैकेट वितरित किए गए। गाजियाबाद सेवा सदन से आए डां मंगल सिंह ने पर्यावरण संरक्षण पर बोलते हुए हवा पानी भोजन की शुद्धता का महत्व बताया। पुणडरीक फाऊंडेशन के संस्थापक वरुण पुंडीर ने सड़क सुरक्षा विषय की चर्चा करते हुए। हेलमेट सीट बेल्ट आदि के महत्व को बताया एवं उनके द्वारा सभी उपस्थित लोगों को डाबर का जूस एवं नारियल तेल वितरण हुआ। इस अवसर पर बाला मेहलोत्रा , रिचा वालिया, निशा मित्तल, माधवी शर्मा , विनिता वाजपेयी सहित प्रान्त सेवा संयोजक हेमंत वाजपेयी ने सभी स्कूल अध्यापिकाओं कार्यशाला शिक्षकों परिषद के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।



# लाजपत नगर में निकली शौर्य तिरंगा यात्रा ऑपरेशन सिंदूर के वीर जवानों को किया नमन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 75 व वार्ड 85 लाजपत नगर पार्षद हिमांशु शर्मा व भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह आयोजन हाल ही में भारतीय सेवा द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किए गए ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक उपलब्धियों के सम्मान में किया गया, जिसने देश की सुरक्षा और गरिमा की रक्षा के लिए नया इतिहास रचा। पारंपरिक ढोल-नगाड़ों और देशभक्ति के नारों ने वातावरण को ओजमय बना दिया। स्थानीय नागरिकों ने तिरंगे को गर्व से हाथों में थामे हुए 'वंदे मातरम', 'जय हिन्द' और 'भारत माता की जय' जैसे नारों के साथ पूरे क्षेत्र में देशप्रेम की लहर फैला दी। यात्रा वार्ड 75 व वार्ड 85 की मुख्य गलियों और बाजारों से होते हुए पूरे क्षेत्र में घूमी। हर तरफ देशभक्ति का वातावरण छाया रहा। लोग अपने घरों की बालकनियों से तिरंगा लहराकर यात्रा का स्वागत करते नजर आए। ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित यात्रा के दौरान वक्ताओं ने ऑपरेशन सिंदूर की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह अभियान भारतीय सेवा के साहस, रणनीतिक सूझबूझ और बलिदान का प्रतीक है। यह यात्रा इन वीर सैनिकों को नमन करने का एक प्रयास है जिन्होंने राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने जीवन को समर्पित किया। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, महामंत्री पप्पू पहलवान, ईश्वर त्यागी, पूर्व पार्षद गीता भाटी ,पूर्व पार्षद कुमकुम चौधरी ,अलाउद्दीन खान, नरेन्द्र त्यागी,पंडित हिमांशु शर्मा पार्षद, भूपेंद्र सिंह नयाल, कोषाध्यक्ष किसान मोर्चा, रविंद्र भाटी किसान मोर्चा अध्यक्ष, अभिषेक राणा महामंत्री किसान मोर्चा, तरुण शर्मा, राकेश ठाकुर ,संदीप बंसल, विकास सैनी ,मनोज चंदेल, सुरेंद्र चंदेल, निजामुद्दीन शाह, शम्मी खान।






# दिल्ली से सीआरपीएफ का जवान गिरफ्तार

## 2023 से दे रहा था पाकिस्तान को खुफिया जानकारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सीआरपीएफ के एक एएसआई को जासूसी के आरोप में दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपी को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया, जहां उसे 6 जून तक हिरासत में भेज दिया गया। केंद्रीय अर्धसैनिक बल ने इस मामले में अपने एएसआई मोतीराम जाट को बर्खास्त कर दिया है। सीआरपीएफ नियमों के साथ भारत के संविधान के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत आरोपी को 21 मई से बर्खास्त किया गया है।




सीआरपीएफ के मुताबिक, प्रोटोकॉल के उल्लंघन के बाद सीआरपीएफ कर्मी को बर्खास्त किया गया है। यह मामला एनआईए को भेजा गया था।

केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय में सीआरपीएफ कर्मियों की सोशल मीडिया गतिविधियों की निरंतर निगरानी के दौरान, एएसआई/जीडी रैंक के एक कर्मी से जुड़े स्थापित मानदंडों और प्रोटोकॉल के उल्लंघन का मामला सामने आया था। इस मामले की प्रारंभिक जांच पड़ताल की गई। सीआरपीएफ ने इस मामले को गंभीर माना और आगे की जांच के लिए इसे राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को भेज दिया।

# दिल्ली कोर्ट की अहम टिप्पणी: महिला को हराम बोलना उसकी गरिमा का अपमान, आरोपी को दोषी माना

**नई दिल्ली।** तीस हजारी कोर्ट ने एक महिला को हराम शब्द बोलकर उसकी गरिमा का अपमान करने के लिए एक आरोपी को दोषी ठहराया है। आरोपी हेमंत उर्फ जीत के खिलाफ तिमारपुर पुलिस थाना में भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 509 (किसी महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से शब्द, हाव भाव या कृत्य) के तहत मामला दर्ज था। न्यायिक मजिस्ट्रेट करणबीर सिंह ने फैसला सुनाते हुए कहा कि हराम शब्द ऐसा शब्द नहीं है जिसका इस्तेमाल सिर्फ किसी व्यक्ति का अपमान करने के लिए किया जाता है। हराम शब्द का मतलब है कोई ऐसी चीज जो निषिद्ध हो और जिसे गलत तरीके से अर्जित किया गया हो। न्यायाधीश ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने अपने मामले को संदेह से परे साबित कर दिया है। ऐसे में यह साबित हो गया कि आरोपी ने पीड़िता के चरित्र पर कलंक लगाने वाले शब्दों का प्रयोग किया था।




**NAME CHANGED**

I Manish Tyagi s/o Satyavir Singh Tyagi. Kharjivanpur Khimawati, Uttar Pradesh 201206. I have changed my name from Manish Kumar Tyagi to Manish Tyagi for all future purpose.

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। मंगलवार 27 मई -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




## जब नगरायुक्त की हुई पत्रकारों से औपचारिक वार्ता तब

# मुख्य कर निर्धारण अधिकारी ने किया ये स्पष्ट कहीं भी दोगुना से ज्यादा नहीं बढ़ाया गया है हाउस टैक्स



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी का मुद्दा जहां धीरे-धीरे व्यापार मंडल और पार्षदों के बीच गूंज रहा है। वहीं इस मुद्दे पर नगर निगम ने भी अपना पक्ष रखा। गौरतलब है कि हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर सबसे पहले मोर्चा भाजपा के पूर्व पार्षदों ने खोला था। भाजपा के पूर्व सीनियर पार्षद अनिल स्वामी, राजेंद्र त्यागी और हिमांशु मित्तल ने मोर्चा खोला था। उन्होंने यहां तक कहा था कि जनता माफ नहीं करेगी और नगर निगम एक्ट का हवाला भी दिया गया। इसी बीच जब नगर निगम ने टैक्स वसूली को लेकर नोटिस भेजे तो यहां व्यापार मंडलों ने भी नगर निगम में नारेबाजी करते हुए ज्ञापन सौंपा। हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी को जायज बताते हुए नगर निगम प्रशासन ने अपना पक्ष रखा। नगर आयुक्त मीडिया कर्मियों से अनौपचारिक बातचीत में टैक्स बढ़ोत्तरी को जायज बताते हुए अपनी बात रखी। वहीं नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी संजीव सिन्हा ने ये कहा कि कर बढ़ोत्तरी को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है और कहीं भी दोगुने से ज्यादा कर नहीं बढ़ाया गया है। सोमवार को नगर निगम ने अपना पक्ष रखा। मीडिया से अनौपचारिक बातचीत की। इसी बीच हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के मुद्दे को लेकर भाजपा के पूर्व पार्षदों ने हाईकोर्ट में रिट दाखिल की है। अब यहां नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने जब पत्रकारों से अनौपचारिक बात करते हुए हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर बात की तो यहां कई सवालों के उन्होंने जवाब दिये और कर बढ़ोत्तरी को लेकर स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने अलग-अलग तरीकों से ये बताया कि हाउस टैक्स इसलिये बढ़ाया गया है और अलग-अलग मदों में टैक्स वसूली करना नगर निगम का अधिकार है। बातचीत में नगर आयुक्त ने एक शीट दिखाते हुए कहा कि कर निर्धारण में सभी नियमों का पालन किया गया है और कहीं भी दोगुना से ज्यादा कर नहीं बढ़ा है।



संजीव सिन्हा
मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, गाजियाबाद

### 50 करोड़ ही रह गया है नगर निगम का घाटा

करंट क्राइम। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा कि एक समय था जब गाजियाबाद नगर निगम का घाटा 200 से ढाई सौ करोड़ के बीच था। नगर निगम ने टैक्स वसूली की रफ्तार बढ़ाई और इसका ये लाभ हुआ कि आज नगर निगम का घाटा मात्र 50 करोड़ रुपए ही रह गया है। आज हम यानी नगर निगम गाजियाबाद उत्तर प्रदेश शासन की गुडबुक में है और लाभ ये हो रहा है कि हमें शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

### 30 लाख से बढ़कर हो गया पार्षद कोटे का बजट एक करोड़ रुपए

करंट क्राइम। टैक्स को लेकर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने सोमवार को मीडिया से रूबरू हो रहे थे। वो नगर निगम का पक्ष रख रहे थे। उन्होंने नगर निगम की टैक्स वसूली की जानकारी देते हुए कहा कि इससे नगर निगम की विकास योजनाओं को पूरा करने के लिये नगर निगम को फंड प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि मैंने जब नगर आयुक्त के रूप में चार्ज लिया था तब पार्षद कोटा 30 लाख रुपए का था जो आज बढ़कर एक करोड़ रुपए हो गया है। उन्होंने कहा कि अगर नगर निगम आमदनी में इजाफा हुआ और टैक्स वसूली की रफ्तार बढ़ी तो आने वाले समय में पार्षदों का यह कोटा बढ़कर एक करोड़ 30 लाख रुपए भी हो सकता है।

### कोर्ट का फैसला आने तक जनता कर सकती है सेल्फ एसेसमेंट से कर जमा

करंट क्राइम। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कोर्ट में याचिका दाखिल होने और कर जमा करने के बीच के संशय को दूर किया। उन्होंने कहा कि कोर्ट का फैसला आने तक सभी करदाता सेल्फ एसेसमेंट से कर का भुगतान कर सकते हैं। वो कर जमा करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कारपेट एरिया के नियम से निर्धारण हो सकता है। नगर आयुक्त ने यह जानकारी देते हुए कहा कि चूंकि मामला अब कोर्ट में है, लिहाजा ऐसे में निगम का कामकाज भी ना रुके और जनता को भी कोई परेशानी ना हो, इसके लिये यह नियम बनाया गया है कि करदाता अपने-अपने कर का भुगतान सेल्फ एसेसमेंट के आधार पर कर सकते हैं।




### मेयर की सहमति से बढ़ाया गया हाउस टैक्स

करंट क्राइम। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बढ़े हुए हाउस टैक्स को सही बताया। बातचीत में नगर आयुक्त ने टैक्स बढ़ोत्तरी पर निगम का पक्ष रखा और यहां उन्होंने ये भी स्पष्ट किया कि हाउस टैक्स बढ़ाने के लिये मेयर की अनुमति ली गई थी। मेयर की अनुमति और सहमति के बाद ही हाउस टैक्स बढ़ाने की प्रक्रिया लागू हुई।

### पार्षदों ने दी थी टैक्स बढ़ोत्तरी के प्रस्ताव पर सहमति

करंट क्राइम। जिस हाउस टैक्स को लेकर अब हंगामा हो रहा है और ये कहा जा रहा है कि इस प्रस्ताव को सदन ने निरस्त कर दिया था, इस पूरे मामले की तस्वीर नगर आयुक्त ने स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि पार्षदों ने खुद ही हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के प्रस्ताव पर सहमति दी थी। यहां पर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने 7 मार्च 2025 की बोर्ड बैठक का हवाला दिया। ये वो बोर्ड बैठक है जो रात के दस बजे तक चली थी। नगर आयुक्त ने इस बैठक का हवाला देते हुए कहा कि इससे पहले जो बैठक हुई थी उसमें सभी पार्षदों ने प्रस्ताव पर असहमति जताई थी। इससे शासन को अवगत कराया गया था। इसके बाद शासन ने कर निर्धारण का हवाला देते हुए हाउस टैक्स को बढ़ाया और जब सात मार्च 2025 को रात दस बजे तक चली बैठक में पार्षदों के सामने शासन का प्रस्ताव रखा गया था तो अधिकांश पार्षदों ने हाथ उठाकर बढ़े हुए हाउस टैक्स पर अपनी सहमति जताई थी।

### पार्षद गौरव सोलंकी चले गए थे विरोध में सदन से बाहर



करंट क्राइम। जब हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी को शासन ने जायज बताया था और अधिकांश पार्षदों ने शासन के निर्णय से सहमति जताई थी तब भाजपा पार्षद गौरव सोलंकी हाउस टैक्स बढ़ाए जाने के विरोध में सदन में खड़े हो गए थे और उन्होंने असहमति जताई थी और वो प्रस्ताव के विरोध में सदन से बाहर चले गए थे।

### पार्षद राजीव शर्मा और प्रवीण चौधरी ने जताई थी बढ़े टैक्स पर सहमति



करंट क्राइम। निगम ने हाउस टैक्स में बढ़ोत्तरी की और इस बढ़ोत्तरी के विरोध में भाजपा के ही पार्षद आ गए। भाजपा के पूर्व पार्षदों ने मोर्चा खोला और इसे गलत बताया। भाजपा के मौजूदा पार्षद गौरव सोलंकी ने मोर्चा खोला और इसे गलत बताया। वहीं शासन ने इस टैक्स बढ़ोत्तरी को सही बताया और कमाल ये भी है कि भाजपा पार्षदों ने ही टैक्स बढ़ोत्तरी को सही बताया। भाजपा के दो पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष यानी बोलचाल की भाषा में दो पूर्व डिप्टी मेयर हाउस टैक्स बढ़ाए जाने के पक्ष में थे। पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी और पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष राजीव शर्मा ने हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी पर सहमति जताई थी।



### जिस बैठक में शामिल हुए थे मंत्री, उस फैसले को शासन ने नहीं किया स्वीकार

करंट क्राइम। टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर बार-बार ये कहा जा रहा है कि जब नगर निगम के सदन में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा आए थे। इस बैठक में विधायक आये थे, इस बैठक में खुद मेयर थीं और ये प्रस्ताव निरस्त हो गया था। उस प्रस्ताव को लेकर भी निगम प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट की है। बताया गया है कि जिस बोर्ड बैठक के फैसले को आधार बनाकर विरोध हो रहा है उस फैसले को तो शासन ने स्वीकार ही नहीं किया था। ये वही फैसला है जो कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा की मौजूदगी में नगर निगम के सदन में लिया गया था।

### अगर, बढ़ा टैक्स नहीं हुआ लागू तो विकास हो जाएगा अवरुद्ध

करंट क्राइम। सोमवार को नगर आयुक्त टैक्स के मामले को लेकर संवादाताओं से औपचारिक बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अगर, निर्धारित टैक्स दरें लागू नहीं हुईं तो विकास अवरुद्ध हो जाएगा। नगर आयुक्त ने विकास का हवाला देते हुए कहा कि किसी भी विभाग का टैक्स हो उससे राजस्व प्राप्त होता है और राजस्व से ही विकास की पूरी प्रक्रिया चलती है, फंड आता है। अगर, कोष नहीं आएगा तो विकास कैसे होगा। अगर, हम निगम के खजाने में वृद्धि नहीं करेंगे तो हमें विकास योजनाओं का लाभ नहीं होगा। नगर आयुक्त ने टैक्स की रिपोर्ट दिखाते हुए कहा कि अगर बढ़ी दरों पर हाउस टैक्स लागू नहीं हुआ तो फिर हमें कई लाभ नहीं मिल पाएंगे।

### नगर आयुक्त बोले- हमने कर दिया है पार्षदों को संतुष्ट

करंट क्राइम। हाउस टैक्स को लेकर नगर आयुक्त ने हर दृष्टिकोण से निगम का पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि हाउस टैक्स में वृद्धि नियमावली के तहत की गई है। नगर आयुक्त ने कहा कि अधिकांश पार्षद हाउस टैक्स की दरों में हुई बढ़ोत्तरी से सहमत हैं। उन्होंने कहा कि जो पार्षद टैक्स बढ़ोत्तरी के विरोध में लेटर लेकर आए थे, हमने उन सभी को संतुष्ट कर दिया है। अब किसी भी पार्षद को कोई आपत्ति नहीं है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग हाउस टैक्स बढ़ाए जाने के मुद्दे पर भ्रम की स्थिति फैला रहे हैं। हमने पार्षदों को वास्तु स्थिति से अवगत कराया और अब अधिकांश पार्षद टैक्स बढ़ाए जाने को लेकर पूरी तरह से सहमति हैं।

### जनता को भी नहीं है हाउस टैक्स बढ़ाने पर आपत्ति

करंट क्राइम। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर पूरा पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि जिस स्लैब से हमने हाउस टैक्स में बढ़ोत्तरी की, उसे शासन ने स्वीकार किया। उसे मेयर ने स्वीकार किया, उस पर पार्षदों ने सहमति जताई। नगर आयुक्त ने कहा कि जनता को भी हाउस टैक्स बढ़ाए जाने पर कोई आपत्ति नहीं है। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद की जनसंख्या के आधार पर टैक्स विरोध के पक्ष में बहुत कम आपत्ति आई है। उन्होंने कहा कि जनता ने आपत्ति भी नहीं जताई है और सबसे बड़ी बात ये है कि जनता ने बढ़-चढ़कर हाउस टैक्स जमा कराया है। जनता को बढ़े हुए हाउस टैक्स से कोई शिकायत नहीं है।

### पूरी तैयारी के साथ देंगे हाईकोर्ट में जवाब

करंट क्राइम। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा कि पूर्व पार्षद ने हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर हाईकोर्ट में जो याचिका दाखिल की है, निगम प्रशासन पूरी तैयारी के साथ उस रिट का जवाब देगा। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट में जवाब दाखिल करने की तैयारी की जा रही है। नगर निगम प्रशासन मजबूत साक्ष्यों के साथ नियमावली के साथ कोर्ट में अपना पक्ष रखेगा।

### यूपीसीडा के चलते घट गया नगर निगम का 95 करोड़ का राजस्व

करंट क्राइम। नगर आयुक्त ने औद्योगिक क्षेत्रों को यूपीसीडा को दिये जाने के बाद नगर निगम को हो रहे घाटे की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पहले औद्योगिक क्षेत्रों से नगर निगम कर वसूली करता था, लेकिन अब यूपीसीडा को दिये जाने के बाद औद्योगिक क्षेत्रों से नगर निगम की रिकवरी बंद हो गई। इससे लगभग 95 करोड़ का राजस्व घट गया है। हमारी चुनौती बढ़ गई है। ये आमदनी अब निगम के खाते में नहीं आ रही है। वहीं जो पैसा मेट्रो से मिल रहा था अब वो भी नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अगर करों में वृद्धि नहीं की गई तो निगम का खजाना खाली हो जाएगा। इसलिये नियमों के तहत टैक्स में वृद्धि की गई है।

### नगर आयुक्त बोले- टैक्स वसूली पर कुछ लोग कर रहे हैं भ्रमित

करंट क्राइम। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने टैक्स वसूली को लेकर पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि नियमों के तहत ही टैक्स वसूली की जा रही है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग इस विषय पर भ्रमित कर रहे हैं। कर निर्धारण अधिकारी ने भी कहा कि न्यूनतम कर वृद्धि 1.75 प्रतिशत की गई है और अधिकतम कर वृद्धि 1.92 प्रतिशत की गई है। इससे ज्यादा कहीं भी टैक्स नहीं बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि अधिकतम टैक्स वसुंधरा के सैक्टर-12 में बढ़ाया गया है।

### इस बार टैक्स में लागू नहीं होगा सड़क और सर्विस रोड वाला मामला

करंट क्राइम: नगर निगम के पूर्व पार्षद हाउस टैक्स में सर्विस रोड के साथ ही नाले और ग्रीन बेल्ट को जोड़कर निगम जो टैक्स के बिल कट रहा था, इसका विरोध कर रहे थे। इस मामले में अब स्पष्ट हो गया है कि यह वाला फामूर्ला नगर निगम गाजियाबाद इस बार नहीं लागू करेगा। इस फैसले को भी नगर निगम टैक्स विभाग द्वारा अभी लागू नहीं किया जा रहा है। वहीं नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि जिस तरीके से पहले टैक्स का स्लैब था उसी स्लैब के अनुसार इस वित्तीय वर्ष में टैक्स कैलकुलेशन का काम किया जाएगा। नया टैक्स कैलकुलेशन स्लैब लागू नहीं होने की वजह से भी आम जनता को हाउस टैक्स में अधिक बढ़ा हुआ पैसा नहीं देना पड़ेगा।

# 29 से 31 मई तक आयोजित होगा प्रथम मेजर सब जूनियर स्टेट टूर्नामेंट



## विजेताओं को कैश प्राइज मनी एक लाख निर्धारित

गाजियाबाद, करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा प्रथम मेजर सब जूनियर स्टेट टूर्नामेंट के आयोजन का दायित्व गाजियाबाद बैडमिंटन एसोशिएशन को सौंपा गया है। प्रतियोगिता का आयोजन सिटी क्लव गोल्फ लिंक (लैंडक्राफ्ट) के बैडमिंटन एरीना में तीन कोर्टस पर आयोजित होगा। 29 मई से 31 मई तक आयेजित इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से लगभग 200 बालक-बालिका खिलाडियों के प्रतिभाग करने की सम्भावना है।

टूर्नामेंट का संचालन यूपीबीए से नियुक्त टेक्निकल टीम करेगी, जिसमे चीफ रेफी गोरखपुर से अजय सिंह, टूनमिन्ट कन्ट्रोलर कानपुर के अरशद अहमद के साथ महाराज गंज, कानपुर, उन्नाव, अलीगढ़, हापुड़ व गाजियाबाद के एम्पायर होंगे।

### उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि अजीत पाल त्यागी होंगे

करंट क्राइम। प्रतियोगिता का शुभारम्भ 29 मई को प्रात: 9 बजे से होगा तथा इस विशाल प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि अजीत पाल त्यागी, विधायक मुरादनगर होंगे एवं समारोह की अध्यक्षता गाजियाबाद बैडमिन्टन एसोशिएशन के अध्यक्ष ललित जायसवाल करेंगे। प्रतियोगिता नाक आउट आधार पर आयोजित है तथा विजेताओं को कैश प्राइज मनी एक लाख निर्धारित है। सम्पूर्ण प्रतियोगिता में योनेक्स ए०एस०-2 शटल प्रयोग की जायेगी।

# पार्षद बोले, नगर निगम दिखाए सहमति का पत्र, बढ़े हुए टैक्स का है विरोध जारी




### सहमति हुई तो नगर निगम दिखाए समर्थन पत्र : गौरव सोलंकी



करंट क्राइम। पार्षद गौरव सोलंकी ने बताया कि नगर निगम ने जो हाउस टैक्स गलत तरीके से बढ़ाया है उसका विरोध जारी है। सभी की सहमति से जो प्रतिशत टैक्स बड़े उसके समर्थन में हम हैं। महापौर सदन बुलायें, जिससे सभी पार्षद अपनी सहमति से हाउस टैक्स पर चर्चा करें। यदि नगर निगम बोलता है, कि सभी पार्षदों से सहमति है कोई विरोध नहीं है। उन्होंने कहा नगर निगम के पास कोई समर्थन पत्र पार्षद ने दिया है तो वह हमें दिखाएं। 4 गुना टैक्स का खुलकर विरोध है और रहेगा।

### अधिकारियों ने बोर्ड बैठक में पार्षदों को गुमराह किया : नीरज गोयल



करंट क्राइम। पार्षद नीरज गोयल ने बताया कि नगर निगम में जो हाउस टैक्स बढ़ाया है, इसका खुलकर विरोध किया जा रहा है। नगर निगम के अधिकारियों ने बोर्ड बैठक में पार्षदों को गुमराह किया है, और किसी भी सूरत में बड़ा हुआ हाऊस टैक्स बर्दाश्त नहीं होगी। यदि नगर निगम के अधिकारी बोलते हैं कि हमें पार्षदों का समर्थन है हमारे द्वारा कोई समर्थन पत्र नहीं दिया गया। लेकिन चार गुना टैक्स का विरोध सभी पार्षद खुलकर कर रहे हैं।

### महापौर को टैक्स पर सदन बुलाना चाहिए : हिमांशु शर्मा



करंट क्राइम। पार्षद हिमांशु शर्मा ने बताया कि हमारा नीतिगत विरोध है। जब तक डीएम सर्किल रेट पर टैक्स रहेगा, वह मंजूर नहीं होगा। हम जनता के प्रतिनिधि हैं, और जनता के हित की बात करेंगे। महापौर को टैक्स पर सदन बुलाना चाहिए, इस पर खुलकर चर्चा हो जो सदन में फैसला होगा, वह सब को मंजूर होगा। लेकिन चार गुना बढ़ा हुआ टैक्स का विरोध खुलकर सदन में भी होगा।

### जब सदन में प्रस्ताव निरस्त हो गया तो क्यों बढ़ाया टैक्स : कुसुम गोयल



करंट क्राइम। पार्षद कुसुम गोयल ने बताया कि हमारा 4 गुना टैक्स पर खुलकर विरोध है। यह टैक्स कभी बर्दाश्त नहीं होगा। जब सदन में यह प्रस्ताव निरस्त हो गया था। तो फिर क्यों बढ़ाया टैक्स। बिना सदन की मंजूरी के ही अधिकारियों ने मनमानी करके जनता पर बोझ डाला है। उन्होंने बताया कि नगर निगम के अधिकारी जनता और जनप्रतिनिधियों की छवि खराब करने का काम निगम के अधिकारी कर रहे है। इसकी जांच तत्काल होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे पहले शहर का विकास नहीं हो रहा था। अधिकारी स्थापना का पैसा तो नहीं ला रहे, लेकिन जनता की जेब में डकैती डाल रहे हैं, जो कभी बर्दाश्त नहीं होगा।

### चार गुणा हाउस टैक्स नहीं बढ़ने देंगे : राधेश्याम त्यागी



करंट क्राइम। पार्षद राधेश्याम त्यागी ने बताया कि नगर निगम ने जो जनता पर चार गुणा हाउस टैक्स बढ़ाने का काम किया है। उसका विरोध होगा। नियम के अनुसार जो टैक्स 10% लगाया जाए जिसे सदन में उस पर चर्चा हो। लेकिन धोखे से जो अधिकारी जनता पर बोझ डाल रहे हैं, उसे तो कभी भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



### मेरा पूरा विरोध बढ़े हुए हाउस टैक्स पर : डॉ. अनिल तोमर

करंट क्राइम। पार्षद डॉक्टर अनिल तोमर ने कहा है कि बड़े हुए हाउस टैक्स पर मेरा पूरा विरोध है। उन्होंने कहा 1 रुपए से 2 के बीच में टैक्स बढ़ाने पर बात हुई थी। लेकिन 4 गुना नगर निगम के अधिकारियों ने टैक्स बढ़ाकर भेजा है। उसका विरोध पहले भी था, और अभी है और रहेगा। उन्होंने बताया शहर के विकास के लिए हाउस टैक्स जरूरी है। लेकिन चार गुना टैक्स कभी नहीं बढ़ाया गया। नगर निगम के अधिकारियों को इस पर विचार करना चाहिए और जल्द ही महापौर सदन बुलाए जिससे सदन में हाउस टैक्स पर चर्चा हो जो चर्चा में टैक्स की बढ़ोतरी होगी, उसे पर सभी का पक्ष लिया जाए।

## संपादकीय

# अंग्रेजी की ताकत

पहलगाम हमले के बाद भारत की कूटनीतिक पहल और आतंकवाद पर पाकिस्तान के झूठ का पदार्फाश करने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों की यात्रा कर रहा है। भारत दुनिया को अपना संदेश स्पष्ट रूप से पहुंचाना चाहता है, जिसके लिए अंग्रेजी एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से दिया, लेकिन इतना काफी नहीं था। नई दिल्ली की सुरक्षा चिंताओं और आतंकवाद को लेकर उसकी बदली रणनीति से वाकिफ कराने व पाकिस्तान के झूठ का पदार्फाश करने के लिए भारत का सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल इस समय विभिन्न देशों की यात्रा पर निकला हुआ है। इन डेलिगेट्स को भारत का संदेश सटीक और साफ अंदाज में पूरे विश्व तक पहुंचाना है ताकि पाकिस्तान को प्रोपगैंडा का मौका न मिले।

कूटनीति की भाषा कूटनीति में हर शब्द मायने रखते हैं। यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि किस भाषा में बात रखी जा रही है। ऐसे में जब भारतीय प्रतिनिमंडल को दुनिया के हर कोने में जाना है, तब तो और भी अहम हो जाता है कि उनकी आपस की बातों में कोई टकराव या विरोधाभास न हो। मेसेज इस तरह दिया जाए कि सभी उसे एक ही तरह से समझें और इसके लिए अंग्रेजी से बेहतर माध्यम कोई नहीं।

सॉफ्ट पावर अंग्रेजी का कमाल है कि यह सबसे ज्यादा बोली जाने वाली मातृभाषा नहीं है, इसके बाद भी यह दुनिया में सबसे अधिक बोली और समझी जाती है। लगभग 150 करोड़ लोगों ने अंग्रेजी को अपनाया हुआ है। यह इसकी सॉफ्ट पावर है, जिसने विभिन्न इलाकों, संस्कृतियों, कला और साहित्य को आपस में जोड़कर रखा है।

ज्ञान का भंडार अंग्रेजी का विस्तार व्यापक है। कम से कम 55 देशों की यह आधिकारिक भाषा है और 30 से ज्यादा मुल्कों में इसे दूसरी भाषा के रूप में सिखाया-पढ़ाया जाता है। इंग्लिश की यह रीच इसलिए, क्योंकि दुनियाभर का ज्ञान आज इस भाषा में मौजूद है। लगभग 98% साइंस पब्लिकेशन और इंटरनेट पर मौजूद 49% से अधिक कंटेंट अंग्रेजी में है। यानी, किसी भी नई रिसर्च से रूबरू होने और आगे बढ़ने के लिए यह भाषा आनी चाहिए। गर्व की बात भारत इस मामले में खुद पर गुमान कर सकता है कि 2011 की जनगणना के मुताबिक उसकी लगभग 10% आबादी अंग्रेजी बोलती है। अगर उन्हें भी शामिल कर लिया जाए, जो अंग्रेजी बोल नहीं सकते, लेकिन पढ़ और समझ सकते हैं तो यह आंकड़ा दोगुना हो जाता है। अंग्रेजी पर पकड़ रखने वाली इतनी बड़ी आबादी किसी और देश के पास नहीं। यह भाषा की ताकत है और इसी के बूते हिंदुस्तान के प्रफेशनल्स अमेरिका से लेकर यूरोप तक अपना दबदबा बनाए हुए हैं। सिखाई जाए अंग्रेजी भाषा संवाद का जरिया भर नहीं, पहचान भी है। लेकिन यह भी सच है कि किसी देश की पहचान केवल उसकी भाषा तक सिमटी नहीं होती। भारत को अपनी अधिक से अधिक आबादी को अंग्रेजी सिखाने पर जोर देना चाहिए और इसका यह मतलब बिल्कुल नहीं होगा कि इससे भारतीयता कम हो जाएगी।

# जेआईएल और अन्य के खिलाफ कार्रवाई

## छापेमारी में 1.70 करोड़ रुपये नकद और अचल संपत्ति से जुड़े दस्तावेज जब्त



**नई दिल्ली।** ईडी ने जेपी इंफ्राटेक और जयप्रकाश एसोसिएट्स के ठिकानों पर छापेमारी कर 1.70 करोड़ रुपये नकद और अचल संपत्ति से जुड़े दस्तावेज जब्त किए हैं। यह कार्रवाई घर खरीददारों से कथित धोखाधड़ी के मामले में धनशोधन जांच के तहत हुई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड (जेआईएल), जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) और अन्य कंपनियों के परिसरों पर कई गई छापेमारी में 1.70 करोड़ रुपये नकद और अचल संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज जब्त किए हैं। घर खरीदने वालों से कथित धोखाधड़ी के मामले में धनशोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) की जांच के तहत यह कार्रवाई की गई।

ईडी ने 23 मई को दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और मुंबई में कुल 15 ठिकानों पर छापेमारी की थी। यह कार्रवाई धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की गई। जांच एजेंसी ने रविवार को एक बयान में कहा, जांच में जेएएल, उसकी सहयोगी कंपनियों, प्रमोटर्स और निदेशकों के कार्यालयों और परिसरों को शामिल किया गया। इसके अलावा, जेएएल के गौरसंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, गुलशन होम्ज प्राइवेट लिमिटेड और महागुण रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड जैसे मुख्य कारोबारी साझेदारों के ठिकानों पर भी छापे मारे गए।

दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) और उत्तर प्रदेश पुलिस ने जेएएल, जेआईएल और उनके प्रमोटर्स, निवेशकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी, जिससे बाद धनशोधन की जांच शुरू हुई। प्राथमिकी में बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश के आरोप लगाए गए हैं। इसमें कहा गया है कि जेपी विशटाउन (जेआईएल) और जेपी ग्रीन्स (जेएएल) ने परियोजना में फ्लैट और प्लॉट देने के नाम पर घर खरीददारों और निवेशकों को गुमराह किया और उनसे पैसे निवेश करवाए गए। इसमें कहा गया, छापेमारी के दौरान प्रमोटर्स और उनके परिवार के सदस्यों और समूह कंपनियों के नाम पर रखी गई अचल संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज, वित्तीय दस्तावेज और डिजिटल उपकरणों के साथ-साथ 1.70 करोड़ रुपये नकद जब्त किए गए।

जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड इस समय दिवालिया प्रक्रिया का सामना कर रही है। यह कंपनी सीमेंट, निर्माण, रियल एस्टेट, उर्जा जैसे क्षेत्रों में काम करती है। जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड को सुरक्षा रियल्टी ने अधिग्रहित किया है, ताकि एनसीआर में अधूरे पड़े करीब 20,000 फ्लैटों के प्रोजेक्ट को पूरा किया जा सके। इसको लेकर किसी भी कंपनी या प्रमोटर की ओर से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# बंपर लाभांश से राजकोषीय हालात बेहतर करने में मिलेगी मदद

## 70000 करोड़ अतिरिक्त खर्च कर सकेगी सरकार




**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने इकोरैप रिपोर्ट में कहा है कि इस साल देश का राजकोषीय घाटा 0.2 फीसदी तक कम हो सकता है। इस रिपोर्ट के मुताबिक बंपर लाभांश से राजकोषीय स्थिति बेहतर करने में मदद मिलेगी। रिपोर्ट के मुताबिक लाभांश 70000 करोड़ के अतिरिक्त खर्च का रास्ता भी खोलेगा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 2.69 लाख करोड़ रुपये के बंपर लाभांश से सरकार की राजकोषीय स्थिति बेहतर हो सकेगी। साथ ही, दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में वृद्धि को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। एसबीआई ने इकोरैप रिपोर्ट में कहा, हमारा अनुमान है कि बंपर लाभांश से राजकोषीय घाटा बजट स्तर से 0.2 फीसदी कम होकर जीडीपी का 4.2 फीसदी रहेगा।

यह वैकल्पिक रूप से करीब 70,000 करोड़ के अतिरिक्त खर्च का रास्ता भी खोलेगा, जबकि अन्य चीजों में कोई बदलाव नहीं होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2025-26 के बजट में 2.56 लाख करोड़ का लाभांश मिलने का अनुमान लगाया था।

# हरे निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार

## सेंसेक्स 455 अंक चढ़ने में सफल, निफ्टी 25000 के पार



**नई दिल्ली।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन बीएसई सेंसेक्स में 455 अंक की बढ़त दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 455.37 अंक या 0.56 प्रतिशत उछलकर 82,176.45 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 148 अंक या 0.60 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,001.15 पर आ गया।

घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक सोमवार को हरे निशान पर बंद हुए। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन बीएसई सेंसेक्स में 455 अंक की बढ़त दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 455.37 अंक या 0.56 प्रतिशत उछलकर 82,176.45 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 148 अंक या 0.60 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,001.15 पर आ गया।

# जेपी मॉर्गन ने उभरते बाजारों पर जताया भरोसा

## भारत को निवेश के लिए बेहतर देशों में किया गया शामिल



**नई दिल्ली।** वैश्विक निवेश कंपनी जेपी मॉर्गन ने भारत को निवेश के लिए सबसे अच्छे देशों में से एक माना है। जेपी मॉर्गन ने उभरते बाजारों (एट) के प्रति अपना दृष्टिकोण सकारात्मक करते हुए उन्हें ओवरवेट रेटिंग दी है यानी निवेश के लिए बेहतर माना गया है। इसमें भारत सहित फिलीपींस, ब्राजील, चिली, ग्रीस, पोलैंड और यूएई में शामिल है। इसके अलावा चिली और दक्षिण कोरिया जैसे देश भी निवेशकों को आकर्षित कर रहे हैं।

### उभरते बाजारों में 2% की वृद्धि हुई

रिपोर्ट के अनुसार, उभरते बाजारों ने 2021 से अब तक विकसित बाजारों की तुलना में 40% कम प्रदर्शन किया है। हालांकि अब हालात बदल रहे हैं और इसे देखते हुए नजरिया भी बदला है। 2025 में अब तक उभरते बाजारों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। चीन को छोड़कर दूसरे उभरते बाजारों में साल दर साल 2% की वृद्धि हुई है।

### टैरिफ पर अमेरिकी रुख से उभरते बाजारों में होगा बेहतर कारोबार

जेपी मॉर्गन का मानना है कि अमेरिका और चीन के बीच व्यापार समझौते पर 90 दिनों में सुलह होने वाली नहीं है। यदि 90 दिनों के बाद अमेरिका आक्रामक रुख अपनाता है तो उभरते बाजारों में बेहतर कारोबार होगा। रिपोर्ट के अनुसार क्षेत्रीय प्रदर्शन की बात करें तो खनन क्षेत्र ने इस अवधि के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया है। उभरते बाजारों को खनन क्षेत्र से अतिरिक्त सहारा मिल सकता है।

### अमेरिका-चीन के बीच व्यापारिक तनाव से उभरते बाजारों को फायदा

अमेरिका की चीन पर लगाए गए अतिरिक्त टैरिफ के बाद से चीनी शेयरों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। एक हफ्ते से भी कम समय में 13% की गिरावट आई। हालांकि, चीन ने अमेरिका के साथ 90-दिवसीय अस्थायी व्यापार समझौते के बाद ज्यादातर नुकसान की भरपाई कर ली। इस समझौते के तहत दोनों देशों ने टैरिफ में 115% कटौती की। फिलहाल अमेरिका, चीनी सामानों पर 30% टैरिफ लगा रहा है। वहीं चीन, अमेरिकी सामानों पर 10% टैरिफ लगा रहा है।

## भूषण स्टील के परिसमापन पर सुप्रीम कोर्ट कहा- यथास्थिति बनाए रखें, आरबीआई करेगा टी-बिलों की नालामी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को भूषण पावर एंड स्टील लिमिटेड (बीपीएसएल) के परिसमापन पर यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया। जेएसडब्ल्यू स्टील की ओर से परिसमापन की कार्यवाही को स्थगित रखने की याचिका दायर की गई थी। जेएसडब्ल्यू ने तर्क दिया है कि परिसमापन शुरू करना कंपनी के लिए 'घातक' होगा और ऋणदाताओं और श्रमिकों सहित अन्य हितधारकों पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा। आरबीआई 28 मई को 19000 करोड़ रुपये के ट्रेजरी बिलों की करेगा नीलामी भारतीय रिजर्व बैंक ( आरबीआई ) ने 19,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए भारत सरकार के ट्रेजरी बिलों (टी-बिल्स) की नीलामी की घोषणा की है। केंद्रीय बैंक ने 23 मई को जारी एक बयान में कहा कि सरकार अपने तत्कालिक वित्तपोषण और तरलता से जुड़ी आवश्यकताओं के प्रबंधन के लिए इन अल्पकालिक ऋण के साधनों का उपयोग करती है। नीलामी में तीन अवधियों के टी-बिल्स शामिल होंगे। ये होंगे 91-दिन, 182-दिन और 364-दिन के। कुल अधिसूचित राशि इन इन्ही टी-बिल की परिपक्वता के आधार पर जुटाई जाएगी। इन टी-बिल्स की के लिए 28 मई की तारीख निर्धारित की गई है। इनका निपटान अगले दिन 29 मई किया जाएगा। आरबीआई ने सलाह दी है कि नीलामी के लिए बोलियां इलेक्ट्रॉनिक रूप से उसके कोर बैंकिंग समाधान (ई-कुबेर) प्रणाली में लगाई जानी चाहिए ।



## रोचक तथ्यों का करंट

- यदि आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं, तो पिस्ता खाना शुरू कर दें, क्योंकि इसमें मौजूद प्रोटीन और फाइवर जल्दी भूख नही लगने देते हैं। यह बैड कोलेस्ट्रॉल यानी एलडीएल को कम करता है और गुड एलडीएल को बढ़ाता है। यह मांसपेशियों की ताकत को बढ़ाकर दिल को मजबूत बनाए रखता है।
- इसमें मौजूद विटामिन बी 6 खून में ऑक्सीजन ले जाता है। प्रतिदिन इसके सेवन से खून में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है व हीमोग्लोबिन भी बढ़ता है।
- इसमें विटामिन-ई और वसा युक्त घुलनशील एन्टी-ओक्सिडेंट होते हैं, जो त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने के साथ प्राकृतिक सुंदरता प्रदान करते हैं।
- पिस्ता में मौजूद कैल्शियम, मैग्नेशियम और पोटेसियम हड्डियों को मजबूत करते हैं और हड्डी से संबंधित बीमारी को भी रोकते हैं।
- रोजाना एक कप पिस्ता आवश्यक फॉस्फोरस की 60 फीसदी जरूरत को पूरा करता है। यह डायबिटीज से भी बचाता है। भुना हुआ पिस्ता न खाएं, क्योंकि इसमें सोडियम अधिक होता है। इससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है।

## राशिफल

**मेष:** दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। परिवार में अतिथियों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। वाणी पर संयम रखें।

**वृष:** व्यावसायिक लंबी यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नए काम प्राप्त होंगे। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। लॉटरी-सट्टे से दूर रहें।

**मिथुन:** किसी भी प्रकार से धनहानि के योग हैं। लापरवाही न करें। कोई बड़ा खर्च एकाएक सामने आ सकता है। आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है।

**कर्क:** पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। दूसरे आपकी बात मानेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। चोट लग सकती है।

**सिंह:** किसी अनहोनी की आशंका रह सकती है। आर्थिक उन्नति के लिए नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। नए अनुबंध हो सकते हैं।

**कन्या:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। यात्रा सफल रहेगी। कोर्ट-कचहरी तथा सरकारी कार्यालयों में अटके काम अनुकूल रहेंगे।

**तुला:** दुष्टजनों से सावधान रहें। वाहन व मशीनरी इत्यादि के प्रयोग में सावधानी आवश्यक है। शारीरिक हानि की आशंका है। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**वृश्चिक:** दांपत्य जीवन मधुर रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे। चोट लग सकती है।

**धनु:** ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय हो सकता है। प्रतिद्वंद्वी रास्ता छोड़ देंगे। भूमि व भवन संबंधित कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**मकर:** व्यस्तता के चलते थकान रह सकती है। विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य उत्साह व लगन से कर पाएगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

**कुंभ:** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। प्रेम-प्रसंग में तनाव रह सकता है। समय पर कार्य न होने से क्षोभ उत्पन्न होगा। कोई दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है।

**मीन:** लेन-देन में सावधानी रखें। आय में वृद्धि होगी। पहले की गई मेहनत का फल मिलेगा। समाजसेवा करने की इच?छा जागृत होगी। मान-सम्मान मिलेगा।

## चुटकुले

500 का नोट और
एक्स-रे की रिपोर्ट
बन्दा भले ही उसके
विषय में कुछ भी ना जानता हो
पर हाथ में आते ही
ऊंचा करके देखता जरूर है।

---

एक बार एक पति को उसकी पत्नी ने पूछा -
अगर मैं 2-4 दिन नहीं दिखूं, तो आपको कैसा लगेगा...?
पति मन ही मन बहुत खुश हुआ।
उससे रहा नहीं गया और उसने तपाक से बोल दिया -
मुझे बहुत अच्छा लगेगा...!
फिर क्या था...
पत्नी सोमवार को नहीं दिखी...
मंगलवार को नहीं दिखी...
बुधवार को नहीं दिखी...
गुरुवार को भी नहीं दिखी...
शुक्रवार को जब आंखों की सूजन कम हुई, तब जाकर
थोड़ी-थोड़ी दिखी...!!!




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।
करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# 'एक टीम के रूप में हम अच्छा नहीं खेले', कप्तान रहाणे ने बताया प्लेऑफ की दौड़ से क्यों बाहर हुई केकेआर



**मुंबई।** कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने आईपीएल में रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बड़ी हार के साथ अपने अभियान का अंत करने के बाद कहा कि उनकी गत चैंपियन टीम मौजूदा सत्र में एक इकाई के रूप में अच्छा खेलने में नाकाम रही। प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी इन दो टीम के बीच हुए मुकाबले को 110 रन से जीतकर गत उप विजेता सनराइजर्स की टीम 14 मैच में 13 अंक के साथ छठे स्थान पर पहुंच गई। नाइट राइडर्स की टीम 14 मैच में 12 अंक के साथ आठवें स्थान पर है।

रहाणे ने मैच के बाद कहा, 'मुझे लगता है कि मौजूदा सत्र हमारे लिए उतार-चढ़ाव भरा रहा। हमारे पास मौके थे और मैंने पहले भी कहा था कि उन मुकाबलों के दौरान एक इकाई के रूप में हम अच्छा नहीं खेले। यह प्रारूप ऐसा ही है, आप जानते हैं। यदि आप करीबी मैच जीतते हैं तो वे अंतर पैदा करते हैं। किंग्स इलेवन पंजाब का मैच, लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ मैच और चेन्नई सुपरकिंग्स का मैच, मुझे लगता कि वे दो-तीन मैच थोड़े अलग हो सकते थे।'

सुपर जाएंट्स के खिलाफ नाइट राइडर्स को चार रन से हार का सामना करना पड़ा, जबकि सुपरकिंग्स ने एक मैच में इस टीम को दो विकेट से हराया। पंजाब किंग्स के खिलाफ एक मैच में नाइट राइडर्स की टीम 112 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सिर्फ 95 रन पर सिमट गई, जबकि एक मैच बारिश की भेंट चढ़ गया। रहाणे ने हालांकि उम्मीद जताई कि उनके खिलाड़ी इस साल हुए मुकाबलों से सबक लेंगे और टीम अगले साल और मजबूत बनकर लौटेगी। नाइट राइडर्स के कप्तान ने कहा, 'एक कप्तान के रूप में मैंने जो देखा, जो मैंने महसूस किया, तैयारी के लिहाज से सभी ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। जब आप चैंपियनशिप जीतते हैं तो यह आसान नहीं होता है। अगले सत्र में खिताब का बचाव करना, यह इतना आसान नहीं है। सभी टीमों की तैयारी काफी अच्छी रही। सभी टीमें बेहद शानदार हैं। एक टीम के रूप में हमने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। मैं यही कह सकता हूं कि हम अगले साल और मजबूत होकर वापस आएंगे।' रहाणे ने कहा कि उनके गेंदबाजों ने पूरे सत्र में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन बल्लेबाजी उनकी टीम का कमजोर पक्ष रही। रहाणे ने कहा, 'हमारे गेंदबाजों के लिए मिला-जुला सत्र रहा। अगर आप हर्षित (राणा) को देखें तो वह वाकई बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। उसने टीम, फ्रेंचाइजी के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है। भारतीय टीम में गया तो वहां भी अच्छा प्रदर्शन किया।

# लीग में धोनी के भविष्य को लेकर भिड़े चार दिग्गज आकाश-बांगड़ और रैना-आरपी आए आमने-सामने





**मुंबई।** आईपीएल 2025 में पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स का सफर कुछ खास नहीं रहा। टीम 14 में से 10 मैच हारकर अंक तालिका में आखिरी स्थान पर रही। सीजन के बीच में ऋतुराज गायकवाड़ के चोटिल होने पर 43 साल के महेंद्र सिंह धोनी को कप्तान बनाने का फैसला भी सीएसके के काम नहीं आया। टीम लगातार हारती चली गई। हालांकि, रविवार को गुजरात टाइटंस पर जीत के साथ सीएसके ने इस अभियान का अंत किया। अब पिछले दो सीजन की तरह इस बात पर चर्चा हो रही है कि क्या धोनी अगले सत्र के लिए वापस लौटेंगे या नहीं? या फिर उन्होंने इस लीग में आखिरी मैच खेल लिया है?

हालांकि, माही ने तो पोस्ट मैच शो में कहा कि उनके पास फैसला लेने के लिए चार-पांच महीने का वक्त है और वह शरीर की स्थिति देखकर ही फैसला लेंगे। पर इसने मैदान के बाहर बहस छेड़ दी है। चार पूर्व भारतीय क्रिकेटर्स धोनी के भविष्य को लेकर एक शो पर भिड़ गए। जहां आकाश चोपड़ा और संजय बांगड़ धोनी के नहीं खेलने पर अड़े हुए थे और कहा कि अब उन्हें संन्यास ले लेना चाहिए, वहीं आरपी सिंह और सुरेश रैना ने धोनी की वापसी का समर्थन किया और कहा कि उम्र मायने नहीं रखती। धीरे-धीरे ये बहस गंभीर होती चली गई और दोनों की ओर से संबंध में खूब तर्क पेश किए गए। इसका वीडियो भी सामने आया है।

धोनी का इस सीजन में प्रदर्शन

धोनी इस साल बल्लेबाजी में काफी ढीले दिखाई पड़े। वह सातवें या आठवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए, लेकिन ज्यादातर मैचों में वह ठीके से फिनिश नहीं कर पाए। यह एक ऐसा रोल है जिससे उन्हें प्यार है और काफी लंबे समय से वह इसे निभाते आ रहे हैं। हालांकि, इस सीजन धोनी से ऊपर जेमी ओवरटन, सैम करन, रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा जैसे लोअर ऑर्डर के बल्लेबाज बैटिंग के लिए आते दिखे। धोनी ने 14 मैचों में 24.50 की औसत और 135.17 के स्ट्राइक रेट से 196 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 12 चौके और 12 छक्के लगाए। रैना और आरपी का कहना था कि उन्होंने ऐसा बाकी खिलाड़ियों को ढलने और उभरने का मौका देने के लिए किया, वहीं आकाश और बांगड़ ने कहा कि धोनी कि फिटनेस अब वैसी नहीं है जैसी पहले हुआ करती थी और वह ज्यादा देर तक मैदान पर नहीं रह सकते।

# चार देशों की जूनियर महिला हॉकी टूर्नामेंट भारत ने उरुग्वे को 3-2 से हराया



**नई दिल्ली।** कनिका सिवाच के दो गोल की मदद से भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशों के टूर्नामेंट के अपने दूसरे मैच में उरुग्वे को 3-2 से हराया। भारत के इस रोमांचक मुकाबले में कनिका (46वां और 50वां मिनट) के अलावा सोनम (21वां) ने गोल किये। उरुग्वे के लिए मिलाग्रोस सेगल (तीसरा) और अगस्टिना मैरी (24वां) ने गोल किए। उरुग्वे ने तीसरे मिनट में ही सेगल के पेनल्टी कॉर्नर से बढ़त हासिल कर ली। सोनम ने दूसरे क्वार्टर में 21वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को बराबरी दिलायी। इसके तीन मिनट के बाद ही मैरी ने एक और पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर उरुग्वे को फिर से बढ़त दिला दी।

भारत ने आखिरी क्वार्टर में चार मिनट के अंदर कनिका के दो गोल से वापसी की। कनिका ने पहले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला और फिर मैदानी गोल कर टीम को बढ़त दिला दी जो आखिर तक कायम रही। भारत का अगला मुकाबला मंगलवार को मेजबान अर्जेंटीना से होगा।

# चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स में खिलाड़ियों की संख्या बढ़ाई गई, बड़ी पुरस्कार राशि की भी घोषणा



**नई दिल्ली।** चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे सत्र में खिलाड़ियों की संख्या बढ़ाकर 20 करने के साथ इसकी अब तक की सबसे बड़ी पुरस्कार राशि एक करोड़ रुपये करने की घोषणा की गई है। आयोजकों ने एक प्रेस रिलीज में बताया कि छह से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में अब प्रत्येक वर्ग में 10 खिलाड़ी भाग लेंगे, जबकि पिछले सत्र में आठ खिलाड़ी भाग लेते थे। एमजीडी1 द्वारा आयोजित और तमिलनाडु सरकार तथा तमिलनाडु खेल विकास प्राधिकरण द्वारा समर्थित इस टूर्नामेंट को सिंगापुर स्थित फिनटेक कंपनी क्वांटबॉक्स रिसर्च के साथ करार के बाद क्वांटबॉक्स चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स कर दिया गया है। पिछले सत्र में अरविंद चिदंबरम मास्टर्स वर्ग में अर्जुन एरिगैसी और विदित गुजराती जैसे खिलाड़ियों को पछाड़कर चैंपियन बने थे। प्रणव वी. ने चैलेंजर्स वर्ग का खिताब जीता था। इस जीत से उन्हें इस साल मास्टर्स वर्ग में चुनौती पेश करने का मौका मिलेगा।

# यूरोपीय चरण के लिए तैयार भारतीय टीम, उपकप्तान बोले- हम जीतकर विश्व कप के लिए क्वालिफाई करेंगे



**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह ने कहा कि भारत एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण में हर अंक के लिए मेहनत करेगा ताकि खिताब जीतकर अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर सके। भारतीय टीम एफआईएच अंक तालिका में 15 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। वहीं, इंग्लैंड शीर्ष पर और बेल्जियम दूसरे स्थान पर है। प्रो लीग का यूरोप चरण सात जून से शुरू होगा और टूर्नामेंट के विजेता को 2026 विश्व कप में अपने आप जगह मिलेगी। हार्दिक ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, 'हमने टीम में इस बारे में बात की है और मेरा मानना है कि रणनीति पर टिके रहकर, पर्याप्त अंक लेकर और जीत के लिये मेहनत करके हमारे पास प्रो लीग के जरिये विश्व कप के लिये क्वालीफाई करने का सुनहरा मौका है।'

ऑस्ट्रेलिया इस समय प्रो लीग में छठे स्थान पर है और लीग का पिछला चैंपियन होने के नाते उसे विश्व कप में सीधे प्रवेश मिल गया है। बेल्जियम और नीदरलैंड मेजबान होने के नाते स्वतः क्वालिफाई करेंगे। जर्मनी पांचवें स्थान पर है और उसे अभी छह मैच और खेलने है। भारत की क्वालिफिकेशन की उम्मीदों के लिये जर्मनी ही खतरा हो सकता है। हार्दिक ने कहा, 'बेल्जियम और नीदरलैंड विश्व कप 2026 के मेजबान होने के नाते स्वतः क्वालीफाई कर लेंगे। इसके बाद इंग्लैंड, जर्मनी और स्पेन प्रमुख प्रतिद्वंद्वी रहते हैं।' भारत को यूरोप चरण में नीदरलैंड के खिलाफ सात और नौ जून को और अर्जेंटीना से 11 और 12 जून को खेलना है। टीम 14 और 15 जून को एंटवर्प में आस्ट्रेलिया से खेलेगी और बेल्जियम से सामना 21 और 22 जून को होगा। भारतीय टीम पिछले तीन सप्ताह से यूरोप दौरे की तैयारी बंगलूरू के भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र पर कर रही है। हार्दिक ने कहा, 'ये सत्र काफी कठिन थे। कोच और वैज्ञानिक सलाहकार एलेन ने काफी मेहनत की है। दम खम और अनुकूलन पर काफी काम किया गया क्योंकि हमें लगातार मैच खेलने हैं।'

# प्रणय-लक्ष्य और सिंधू सिंगापुर ओपन में पेश करेंगे चुनौती



**नई दिल्ली।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष जोड़ी फिटनेस संबंधी चिंताओं को दूर करने के बाद मंगलवार से यहां शुरू हो रहे सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में सितारों से सजी भारतीय चुनौती की अगुआई करेगी। विश्व की पूर्व नंबर एक जोड़ी ने पिछली बार मार्च में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में चुनौती पेश की थी। यह जोड़ी हालांकि चिराग की पीठ की चोट के कारण दूसरे दौर में ही हट गई थी। सात्विक की स्वास्थ्य समस्याओं के कारण वे सुदीरमन कप से भी नहीं खेल सके थे।

इस साल की शुरूआत में मलेशिया ओपन और इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे वाली यह भारतीय जोड़ी यहां मलेशिया के चूंग होन जियान और मुहम्मद हाइकल के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी। पिछले सप्ताह मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में पहुंचकर किदांबी श्रीकांत ने खुद की और पिछले कुछ महीनों में भारतीय बैडमिंटन पर छाई निराशा को दूर करने में कामयाबी हासिल की।

उन्होंने पिछले कुछ महीनों से भारत के एकल खिलाड़ियों के टूर्नामेंट में सप्ताह दर सप्ताह अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रहने की परिपाटी को तोड़ा। श्रीकांत हालांकि इस सप्ताह प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे लेकिन वह अपने हमवतन खिलाड़ियों को 10 लाख डॉलर पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में अच्छा करने के लिए प्रेरित जरूर करेंगे। विश्व चैंपियनशिप (2023) के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय ने कुआलालंपुर में श्रीकांत के शानदार प्रदर्शन को करीब से देखा था। वह डेनमार्क के रासमस गेम्के के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करते समय इसी तरह का दमदार प्रदर्शन करना चाहेंगे। प्रणय पिछले साल चिकनगुनिया से जूझने के बाद लय हासिल करने की कोशिश में हैं।

लक्ष्य सेन शुरूआती दौर में लिन चुन-यी का सामना करके अपनी फिटनेस पर संदेह को दूर करना चाहेंगे। 2021 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता अल्मोड़ा के 23 वर्षीय खिलाड़ी ने पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद से निराशाजनक प्रदर्शन किया है। वह इस सत्र में चार बार शुरूआती दौर से ही बाहर हो गये हैं। प्रियांशु राजावत भी मौजूदा सत्र में प्रभावित करने में नाकाम रहे हैं। तेईस साल का यह खिलाड़ी छह प्रतियोगिताओं में शुरूआती दौर की बाधा पार करने में विफल रहा है।

किरण जॉर्ज भी इंडिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के बाद उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे हैं। वह चीन के वेंग हांग यांग के खिलाफ अपने मौके को भुनाना चाहेंगे। महिला एकल में अनुभवी पीवी सिंधू अब भी वापसी की राह पर है। अपनी कोचिंग टीम में कई बार बदलाव करने के बाद बावजूद दो बार की ओलंपिक पदक विजेता के प्रदर्शन में निरंतरता नहीं दिखी है। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी को फरवरी में गुवाहाटी में अभ्यास के दौरान हैमस्ट्रिंग (मांसपेशियों की खिंचाव) की चोट लगी थी। उन्हें इसके कारण एशिया टीम चैंपियनशिप से बाहर होना पड़ा था।।

चोट से वापसी के बाद से उन्हें थुई लिन्ह गुयेन, पुत्री कुसुमा वदार्नी और किम ग्यून जैसे खिलाड़ियों के खिलाफ शुरूआती चरणों में हार का सामना करना पड़ा है। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू का सामना पहले दौर में कनाडा की वेन यू झांग से होगा। महिला वर्ग में अन्य भारतीय खिलाड़ियों के सामने मुश्किल चुनौती होगी। अनमोल खरब का मुकाबला पूर्व ओलंपिक चैंपियन चीन के चेन यू फी से होगा जबकि आकर्षी कश्यप तीसरी वरीयता प्राप्त हान यू के खिलाफ कोर्ट में उतरेंगी।

मालविका बंसोड़ का सामना थाईलैंड की सुपानिडा काटेथोंग से और रक्षिता रामराज का मुकाबला दक्षिण कोरिया की किम गा इयोन से होगा। अनुपमा उपाध्याय चीनी ताइपे की सुंग शुओ युन से भिड़ेंगी जबकि उन्नति हुड्डा का सामना दूसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया मास्टर्स चैंपियन वांग झीयी से होगा। भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला युगल जोड़ी तृषा जॉली और गायत्री गोपीचंद से टूर्नामेंट में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। आठवीं वरीयता प्राप्त यह जोड़ी चीनी ताइपे की चांग चिंग हुई और यांग चिंग टुन के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी। मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला एवं तनीषा क्रास्टो और रोहन कपूर एवं रुतविका शिवानी गड्डे की जोड़ियां चुनौती पेश करेंगी।

# शीर्ष दो में जगह बनाने के लिए जोर लगाएंगी मुंबई और पंजाब की टीमें

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स सोमवार को आईपीएल के अपने अंतिम लीग चरण के मुकाबले में जब एक-दूसरे का सामना करेंगे तो शीर्ष दो में जगह बनाने की कोशिश में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए पूरा जोर लगाएंगे। गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स ने लीग के चरण के कई मैच बाकी रहते ही आईपीएल प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली है। इन टीम के बीच शीर्ष दो में जगह बनाने की होड़ है ताकि फाइनल में पहुंचने के लिए टीम को एक अतिरिक्त मौका मिल सके।

## मुंबई को पंजाब पर हासिल करनी होगी जीत

पंजाब किंग्स 17 अंकों के साथ तालिका में अभी दूसरे स्थान पर है लेकिन मुंबई से हारने पर वह तीसरे या चौथे स्थान पर पहुंच जाएगी जिससे टीम को 30 मई को एलिमिनेटर के लिए तैयार होना पड़ेगा। पंजाब के लिए शीर्ष दो में रहना मुश्किल है क्योंकि उन्हें मुंबई की मजबूत टीम के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद यह भी उम्मीद करनी होगी कि गुजरात (18 अंक) और आरसीबी (17 अंक) अपने-अपने अंतिम मैच हार जाएं।

मुंबई का नेट रन रेट काफी बेहतर

पंजाब किंग्स को पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से मिली हार के बाद अब शीर्ष दो में आने के लिए मुंबई इंडियंस के खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। मुंबई इंडियंस का नेट रन रेट प्लेऑफ में क्वालिफाई करने वाली टीमों में सबसे बेहतर है। टीम अगर पंजाब किंग्स को हराने में सफल रही तो यह उसके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। ऐसी स्थिति में गुजरात टाइटंस और आरसीबी अपने अपने-अपने आखिरी मैचों को हारते है तो मुंबई की टीम शीर्ष दो में होगी।

# बाल-बाले बचे सौरव गांगुली के भाई स्नेहाशीष और भाभी, पुरी के समुद्र में स्पीडबोट पलटने से हुआ हादसा



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली के भाई और बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली और पत्नी अर्पिता बाल बाल बच गए। पुरी के समुद्र में जलक्रीड़ा का आनंद लेते समय स्नेहाशीष और अर्पिता की स्पीडबोट पलट गई, लेकिन दोनों को बचा लिया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

यह घटना शनिवार शाम को लाइटहाउस के पास हुई जब स्नेहाशीष और अर्पिता स्पीडबोट सवारी का आनंद ले रहे थे। एक वीडियो संदेश में अर्पिता ने कहा, 'भगवान की कृपा से हम बच गए। मैं अभी भी सदमे में हूं। ऐसा नहीं होना चाहिए और समुद्र में जलक्रीड़ा की व्यवस्था सही तरीके से की जानी चाहिए। मैं कोलकाता लौटने के बाद पुरी के पुलिस अधीक्षक और ओडिशा के मुख्यमंत्री को पत्र लिखूंगी।' घटना के बारे में उन्होंने कहा कि उनकी नौका एक बड़ी लहर की चपेट में आकर पलट गई और वह तथा उनके पति सहित सभी यात्री समुद्र में गिर गए। उन्होंने कहा, 'शुक्र है कि लाइफगार्ड द्वारा तुरंत कार्रवाई करने से हमारी जान बच गई।' घटना के प्रत्यक्षदर्शी स्थानीय लोगों ने बताया कि स्पीडबोट एक बड़ी लहर की चपेट में आने के बाद संतुलन खो बैठी और समुद्र में पलट गई।

# नौ पारियों में छह विकेट लेने वाले एसआरएच के शमी को मिला कोच विटोरी का समर्थन, कहा- यह उनका सत्र नहीं था



**मुंबई।** आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद ने अपने अभियान का अंत जीत के साथ किया। टीम ने 14 में से छह मैच जीते और सात में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। एक मैच बेनतीजा रहा। सनराइजर्स को इस सीजन एक अच्छे गेंदबाज की कमी खली। टीम में मोहम्मद शमी तो थे, लेकिन उनके खराब फॉर्म ने टीम मैनेजमेंट को उन्हें बेंच पर बैठाने के लिए मजबूर कर दिया। शमी ने नौ पारियों में छह विकेट लिए। इस दौरान उनका इकोनॉमी रेट भी 11.23 का रहा। हालांकि, इस स्टार तेज गेंदबाज को एसआरएच के कोच डेनियल विटोरी का समर्थन मिला है। विटोरी ने कहा है कि शमी ने बहुत समय से टी20 क्रिकेट नहीं खेला था। इसलिए वापस ढलने में हमेशा थोड़ा समय लगता है और जाहिर है कि पिछले 18 महीनों में खेल बहुत तेजी से आगे बढ़ा है।

रविवार को सनराइजर्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 110 रन से हरा दिया। शमी इस मैच में भी नहीं खेल रहे थे। उन्हें इंग्लैंड में होने वाली पांच मैच की आगामी टेस्ट सीरीज के लिए भी भारतीय टीम में शामिल नहीं किया गया है। विटोरी ने शमी का बचाव करते हुए कहा, 'जब वह पिछली बार गुजरात टाइटंस के लिए खेले थे तो पर्पल कैप विजेता थे इसलिए मुझे लगता है कि उनके लिए चुनौती प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखना है। मुझे लगता है कि जब वह उस लंबाई पर गेंद डालते हैं तो वह अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर होते हैं और शायद इस बाद वह उस सर्वश्रेष्ठ स्तर पर नहीं थे जो हमने अतीत में देखा है।'

विटोरी ने कहा, 'मुझे पता है कि शमी ने कड़ी मेहनत की थी और वह अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब थे, लेकिन यह उनका सत्र नहीं था। हालांकि, वह आगामी सत्र में वापसी करने का पूरा दमखम रखते हैं।' विटोरी ने बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे की भी सराहना की जिन्होंने अंतिम चरण में प्लेइंग-11 में शामिल होने के बाद अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया। हर्ष ने तीन मैच में 19.60 की औसत से पांच विकेट चटकाए जिसमें नाइट राइडर्स के खिलाफ 34 रन पर तीन विकेट का उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी शामिल है।

विटोरी ने कहा, 'टीम में आने के बाद से हर्ष ने जो कुछ किया उससे हम बहुत खुश हैं। वह बहुत चतुर गेंदबाज हैं और परिस्थितियों को अच्छी तरह समझते हैं। वह समझते हैं कि उन्हें कैसे गेंदबाजी करनी है। उनके लिए सबसे अच्छी बात यह है कि अब से लेकर अगले आईपीएल तक वह बहुत सारा क्रिकेट खेलने वाले हैं। चाहे वह भारत ए के लिए हो या अपनी घरेलू टीम के लिए, उनके लिए बहुत सारे अवसर आने वाले हैं। इसलिए हमें विश्वास है कि वह एक गेंदबाज और एक बल्लेबाज के रूप में भी विकसित हो सकते हैं क्योंकि बल्लेबाजी वाला हिस्सा हमारे निर्णय लेने का एक बड़ा हिस्सा था।'

विटोरी ने कहा, 'हर्ष टूर्नामेंट में चोट (साइड-स्ट्रेन) के साथ आए। यही कारण है कि वह काफी मैच नहीं खेल पाए। वह टूर्नामेंट में ब्रेक से ठीक पहले तैयार थे। इसलिए हमने अनुमान लगाया कि वह शायद आखिरी के पांच से छह मैचों में गेंदबाजी करेंगे और ऐसा ही हुआ।' नीतीश रेड्डी भी मौजूदा सत्र में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए, लेकिन विटोरी ने उनका भी बचाव करते हुए कहा, 'यह हमेशा मुश्किल होता है। नंबर चार या पांच पर खेलना आईपीएल में सबसे कठिन काम में से एक है। हम जानते हैं कि नीतीश अंत में तेज और स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ फायदा उठा सकते हैं और इसलिए मुझे लगता है कि यह उन सत्र में से एक है जो उनके लिए थोड़ा सीखने वाला है।'

# बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का सजीव प्रसारण एवं कार्यक्रम आयोजित

## बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा किये गये कार्य सराहनीय : मयंक गोयल, आगामी वर्ष में हर विद्यालय को निपुण बनाना हमारा लक्ष्य : अभिनव गोपाल






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलों से बेसिक शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का लोकार्पण / शिलान्यास / शुभारंभ किए जाने हेतु समारोह का आयोजन लोक भवन लखनऊ में किया गया, जिसका सीधा प्रसारण दूरदर्शन द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम का प्रसारण जनपद स्तर पर हिंदी भवन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मयंक गोयल महानगर अध्यक्ष भाजपा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी दीपक मीणा, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, चीफ वार्डन सिविल डिफेंस ललित जायसवाल, जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव, समस्त खंड शिक्षा अधिकारी जिला समन्वयक, एसआरजी, एआरपी, सभी ब्लॉकों के शिक्षक संघ के नेतागण, परिषदीय विद्यालय अध्यापकगण, विभिन्न विद्यालयों में अध्यनरत छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में सभी विकासखंड/नगर क्षेत्र से आईसीटी लैब, स्मार्ट क्लास, निपुण विद्यालय के एक-एक अध्यापकों एवं समर कैंप के एक-एक अनुदेशक अथवा शिक्षामित्र को पुरस्कृत किया गया।

### बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा किये गये कार्य सराहनीय : मयंक गोयल



**करंट क्राइम।** इस अवसर पर मयंक गोयल द्वारा इस वर्ष आयोजित बोर्ड की परीक्षाओं के परिणाम में बालिकाओं की उपलब्धियां की प्रशंसा की साथ ही सभी को खूब पढ़ने एवं बढ़ने के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मोदी-योगी के नेतृत्व में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा किये गये कार्य सराहनीय हैं।

### आगामी वर्ष में हर विद्यालय निपुण होगा : अभिनव गोपाल



**करंट क्राइम।** अभिनव गोपाल मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अपने प्रेजेंटेशन में जनपद गाजियाबाद में बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में किए गए अच्छे कार्यों एवं नवीन उपलब्धियां के बारे में चर्चा की गई। साथ ही बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में सत्र 2025-26 में और क्या कुछ किया जाना है इस पर प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि आगामी वर्ष में हर विद्यालय निपुण होगा यह हमारा लक्ष्य है। कार्यक्रम के अंत में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी गणमान्य अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस कार्यक्रम का मंच संचालन पूनम शर्मा एसआरजी द्वारा किया गया।

# महाराणा प्रताप का जन्मोत्सव कार्यक्रम एवं विशाल शोभा यात्रा निकाली गई





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महाराणा प्रताप चौक नंदग्राम में सोमवार को वीर शिरोमणि क्षत्रिय सम्राट महाराणा प्रताप का जन्मोत्सव कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया। विशाल शोभा यात्रा एवं लाइट शो का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह सिसोदिया व विशिष्ट अतिथि के रूप में मयंक गोयल महानगर अध्यक्ष ने कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन करके शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रमोद सिसोदिया, राकेश चौहान, राजीव चौहान, संतोष राणा, ओमप्रकाश औढ, के पी सिंह जादौन, सुनील राघव, यू एस राणा, ऋषि पाल परमार, रविंद्र चौहान, महेश शिशोदिया, मनोज शिशोदिया, शिखा चौहान, रवीना सिंह, रिचा भदोरिया, दीप्ति चौहान, प्रदीप जादौन; मोदीनगर से अरुण सिंह तोमर, जीवन सिंह पुंडीर, मेहताब सिंह, रविकांत सिंह, सुनील सिंह, यशदीप राघव, अशोक चौहान, रवि परमार, भव्य सिसोदिया; राजनगर एक्सटेंशन से अनिल चौहान, अरुण पुंडीर, राजकुमार, सोम चमकेश राघव, धर्मेंद्र सिसोदिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक समस्त क्षत्रिय समाज नंदग्राम की टीम के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह चौहान, सतपाल राघव, नितिन चौहान, हेमंत तंवर, सी पी सिंह, रामपाल सोम, अरविंद सोम, सागर चौहान, अनुज राघव, अर्जुन सोम, अर्जुन तोमर, चेतन राघव, विक्रांत चौहान समेत सभी टीम ने बढ़-चढ़कर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

### ऐसे कार्यक्रम समाज में प्रेरणादायी : सत्येंद्र सिसोदिया



**करंट क्राइम।** दूर-दूर से आए हुए कलाकारों ने महाराणा प्रताप के जीवन पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय कवि मोहित शौर्य ने अपने काव्य पाठ से सभी श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सत्येंद्र सिसोदिया ने सभी कार्यक्रम के आयोजको का धन्यवाद देते हुए कहा कि आज इस तरह के कार्यक्रम के माध्यम से हम आने वाली पीढ़ी को महापुरुषों के जीवन का चित्रण समझाने में कामयाब होंगे। आज के समय की आवश्यकता है कि हम सब लोग मिलकर ऐसे कार्यक्रम छोटे-छोटे स्थान पर करें और आने वाली पीढ़ी को यह बताएं कि इन लोगों ने अपने पूरे जीवन में हिंदुत्व और भारतीय संस्कृति को बचाने के लिए अपना सर्वस्व अर्पण किया था। ऐसे कार्यक्रम समाज में प्रेरणादायक होते हैं। आज के समय की आवश्यकता है कि ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर होने चाहिए।

# चोरी की योजना बना रहे तीन शातिर चोर गिरफ्तार



**लोनी (करंट क्राइम)।** बार्डर थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर चोरी की योजना बना रहे तीन शातिर चोर गिरफ्तार किए हैं। चोरों से बरामद नकब के उपकरण व तमंचा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस ने तीनों चोरों को कार्रवाई कर जेल भेज दिया है। एसीपी अजय कुमार ने बताया कि पुलिस टीम सेवाधाम खुसी बाटिका के पास चेकिंग अभियान चला रही थी इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि बाटिका के पास तीन व्यक्ति चोरी की योजना बना रहे हैं। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तीनों को धर दबोचा पुलिस की जामा तलाशी में चोरों से लोहा काटने वाले आरी के ब्लेड, एक हथौडा प्लास, पेचकस तथा एक तमंचा व कारतूस बरामद हुए तथा तीनों ने अपने नाम प्रशान्त शर्मा, रितेश शर्मा, अमित शाह बताए। पूछताछ में बताया कि तीनों रात में घरों में रैकी कर रात में नकब आदि के माध्यम से चोरी करते हैं। पुलिस ने तीनों चोरों को जेल भेज दिया है।

# भाजपा ने लोनी में पंचायत प्रतिनिधियों संग मनाया रानी अहिल्याबाई होल्कर स्मृति वर्ष

## रानी अहिल्याबाई होल्कर के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संकल्पित है भाजपा : विधायक नंदकिशोर गुर्जर




**लोनी, करंट क्राइम।** पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान 2025 की श्रृंखला में भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन लोनी स्थित दादी भोई फार्म हाउस में सोमवार को किया गया। इस भव्य कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भाजपा चौधरी चैनपाल सिंह ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष (बागपत) सूरजपाल सिंह ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, रानी अहिल्याबाई होल्कर के त्याग, न्यायप्रियता और समाज सेवा से आज की राजनीति को प्रेरणा लेनी चाहिए। धर्म रक्षा के लिए उनका योगदान आज भी अतुलनीय है। भाजपा उनके आदर्शों को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए संकल्पित है।

### त्रिशताब्दी वर्ष हम सभी के लिए प्रेरणादायी : चैनपाल सिंह

**करंट क्राइम।** जिला अध्यक्ष चैनपाल सिंह ने कहा, यह त्रिशताब्दी वर्ष हम सभी के लिए प्रेरणा का अवसर है। भाजपा ग्राम पंचायतों को मजबूती देने और रानी अहिल्याबाई होल्कर के आदर्शों को आगे बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभा रही है।

### लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन ग्राम स्वराज की मिसाल : सूरजपाल सिंह

**करंट क्राइम।** मुख्य अतिथि सूरजपाल सिंह ने कहा, आज का यह सम्मेलन जनप्रतिनिधियों के बीच संवाद और संगठन की ताकत को मजबूत करता है। रानी अहिल्याबाई का जीवन ग्राम स्वराज की मिसाल है। यह सम्मेलन अभियान को जन-जन तक पहुंचाने तथा पंचायत प्रतिनिधियों को संगठित और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

### कार्यक्रम में गणमान्य लोग मौजूद रहे

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम में मुख्य रूप से अमित चौधरी जिला उपाध्यक्ष, राजेंद्र बाल्मीकि, कौमुदी चौधरी, आकाश गौतम, सुदेश भारद्वाज, आरती मिश्रा महिला मोर्चा अध्यक्ष, हिमांशु शर्मा, प्रदीप गहलोत, सचिन जांगिड़, नितिन मित्तल, निर्वतमान मंडल अध्यक्ष कृष्ण बंसल, मंडल अध्यक्ष राहुल बैंसला, जितेंद्र गुप्ता, अश्वनी कुमार, मनीष चौहान, संतोष मिश्रा, सभासद दल अध्यक्ष रोहित भारद्वाज, सभासद जयवीर बंसल, कृष्ण बंसल, अनूप भडाना, टीटू भाटी, रोहित चौहान, राजेश सोम, रूपेंद्र चौधरी, कुलबीर चौहान, सुमित कुमार, जीतू भाई, विनीता सिंह, सतेंद्र बंसल, अर्जुन नागर, धर्मेंद्र कुमार, विशाल धामा, हरेंद्र प्रधान, रूपा चौधरी प्रवीण भाटी, अनिल चौधरी, अमित तोमर स्थानीय नागरिकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




# बदमाशों को मिलेगा करारा जवाब

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के देहात जोन में पास वाले कमिश्नरेट के सिपाही की शहादत के बाद बदमाशों की उल्टी गिनती का काउंटडाउन शुरू होना बताया जा रहा है। हालांकि इस मामले में पुलिस ने अभीतक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें एक मुख्य आरोपी और दो उसके सहयोगी बताए जा रहे हैं, जिन्होंने बलवा किया था। उधर इस घटना के बाद जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के वरिष्ठ अधिकारियों का रिस्पांस टाइम था, उसकी भी चर्चा शुरू हो गई है। तो वहीं नोएडा की पुलिस कमिश्नर द्वारा जिस तरीके से आर्थिक मदद देने और भरोसा दिलाया गया है कि आरोपियों को किसी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा। उसके बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में चर्चा है कि बदमाशों को करारा जवाब मिलेगा। उधर विश्वसनीय सूत्र बता रहे हैं कि इस पूरे मामले में पुलिस की एक खास यूनिट की भी एंट्री हो गई है, जो बदमाशों के लिए काल बन सकती है। बताया जा रहा है कि इस पूरे घटनाक्रम में थोड़ी शुरूआती जल्दबाजी और गलती पुलिस की है लेकिन जिस तरीके से बदमाशों ने पुलिस पर हमला बोला और फिर सीधे गोली मारकर सिपाही की हत्या की गई है, उससे कई सवाल भी उठे हैं। तो वहीं जिस जोरशोर से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बीट पुलिसिंग को लेकर काम चल रहा था, उस बीट पुलिसिंग में अपराधियों की कुंडली बनाने और उनका पूरा डाटा एकत्रित करने का काम था। इसमें अभी कहीं ना कहीं कमी और लापरवाही भी देखने को मिली है, जिसका जीता जागता उदाहरण देहात के नाहल गांव में हुई पुलिसकर्मी की हत्या है। उधर विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि सोमवार को पुलिस ऑफिस में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के कई आईपीएस अधिकारियों की लंबी बैठक चली है। बैठक में कई बाहर के अधिकारियों को फोन मिलाने के अलावा पुलिस मुख्यालय लखनऊ तक भी वातार्लाप की गई है। बताया जा रहा है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रमुख शहरों में शामिल गाजियाबाद और नोएडा के जरिए फिर यूपी पुलिस एक बार बड़ा संदेश देने का काम करेगी। देखना होगा इस बार बदमाश और उसकी मदद करने वालों के साथ कौन सी कार्रवाई की जाती है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि इस पूरे मामले में कई स्तर की हाई लेवल मीटिंग भी हुई हैं। जिसके रिजल्ट जल्द आने की संभावना जताई जा रही है।



# पार्षद हिमांशु चौधरी ने निकाली शौर्य तिरंगा यात्रा






**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** बृज विहार मंडल के गांव साहिबाबाद वार्ड 40 में शौर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा का नेतृत्व विनेश कौशिक ने किया और इसका आयोजन पार्षद हिमांशु चौधरी के द्वारा किया गया। यात्रा के दौरान लोगों ने शौर्य तिरंगा यात्रा पर फूल बरसाए और छोटे बच्चों ने और युवाओं ने उत्साह के साथ इसमें भाग लिया। यात्रा में भारत माता की जय, हिंदुस्तान जिंदाबाद और वंदे मातरम के नारों के साथ गुंजायन करते हुए यात्रा को कंप्लीट किया गया। पार्षद हिमांशु चौधरी ने कहा कि यह यात्रा देशभक्ति और राष्ट्रीयता की भावना को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गई थी और हमें खुशी है कि लोगों ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# नगर निगम ने दिया बजट न होने का हवाला पार्षद ने अपने कंधों पर उठाया बीड़ा

## वार्ड 41 के पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने खुद के खर्चे पर भरवाए सड़क के गड्ढे




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** बारिश के बाद झंडापुर के पास की सड़क जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। जलभराव की वजह से सड़क पर बने गहरे-गहरे गड्ढों को लेकर लोग अपने वार्ड पार्षद से शिकायत कर रहे हैं। पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने लोगों की समस्या को ध्यान में रखते हुए खुद के खर्चे पर काम करवाने में जुटा हुआ है।

नगर निगम झंडापुर के वार्ड नंबर 41 के पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय द्वारा वार्ड की मुख्य सड़क पर हो रहे गड्ढों को निजी खर्चे पर भर दिया गया है। पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने बताया कि उनके वार्ड से झंडापुर की मुख्य सड़क गुजरती है। जहां बड़े-बड़े गड्ढे हो रहे हैं और आए दिन लोग उनमें गिरकर चोटिल होते हैं। जिसको लेकर उसके द्वारा कई बार नगर निगम के अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है। नगर निगम में सुनवाई ना होने के बाद लोगों की समस्याओं को ध्यान में रखकर स्वयं के खर्चे पर गड्ढों का भराव कराया है। पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने बताया कि लोगों ने अपनी मूलभूत समस्याओं को लेकर उन्हें अपना वोट दिया था। उन्होंने बताया कि नगर निगम भले ही बजट न होने का हवाला दे, लेकिन उनका कर्तव्य लोगों को मूलभूत सुविधाएं दिलाना है। जिसके लिए वह अपने खर्चे पर आगे भी काम कराते रहेंगे।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब से पांचाल जी ने दिया है सफल वाले प्रोग्राम को अंजाम? सुना है उनकी इस सफलता को देखकर हो गये हैं कुछ ओबीसी चेहरे परेशान? वो दे रहे हैं जगह-जगह पर यही संदेश? अगर भगवा योद्धा ने इस चेहरे को संगठन में लिया? तो ज्यादा एक्टिव नहीं रहेगा ये फेस? इस बात को भी दे रहे हैं देने वाले अंजाम? कह रहे हैं जब पांचाल जी ने खूब मांगा, तब दिया था भगवा योद्धा ने उनको ये काम? मगर दिलजले इस बात से परेशान है कि भगवा पांचाल ने दे दिया कार्यक्रम को सफलता से अंजाम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** सुबह का वक्त है, उड़ा दो आप कुछ चेहरों की नींद? अभी नहीं होगी नामित वाली घोषणा? इसलिए बंद करें इस बारे में ज्यादा सोचना? कहने वाले ने कहा वैसे तो प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा के बाद मिल रहा है हमें नामित पार्षदों की घोषणा का संकेत? कहने वाले ने कहा अगर संगठन के गठन की प्रक्रिया को पूरा अंजाम दिया गया? तब नामित वाला मामला हो जायेगा 6 महीने लेट?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** शहर वाले एक भगवा कमिश्नर आ गये हैं किसी के निशाने पर? पता चला है ये भगवा कमिश्नर संगठन से ज्यादा दे रहे हैं एक जनप्रतिनिधि पर ध्यान? कहने वाले कह रहे हैं इनकी कभी भी शिकायत वाली फाईल ऊपर पहुंचाई जा सकती है श्रीमान? कहने वाले कह रहे हैं निकालने वालों ने निकाल लिया है भगवा कमिश्नर की महोब्बत का पूरा ट्रैक रिकार्ड? हो रही थी कहीं पर इन्हीं को लेकर चर्चाएं? हम आपको बता रहे हैं ऑफ रिकार्ड?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आखिर भगवा मास्टर पर भगवा योद्धा हो ही गये मेहरबान? सुना है योद्धा ने उनको दे दिया है एनजीओ प्रकोष्ठ के सम्मेलन का प्रोग्राम? वैसे ये भी सच है कि भगवा योद्धा पिछले संगठन में इग्नोर हुए चेहरों को दे रहे हैं भरपूर काम? इन चेहरों से ये आयोजित करवा रहे हैं सफल प्रोग्राम? देखना अब ये है कि भगवा मास्टर कितना खरा उतरेंगे भगवा योद्धा के निर्णय पर? भगवा मास्टर के आयोजन पर अब सबने नजर टिका ली हैं श्रीमान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हर किसी के दिल में नहीं होती है किसी के लिए एक सी मोहब्बत? हर किसी का होता है मोहब्बत के प्रति अलग-अलग इजहार? हमें पता चला है एक पूर्व पार्षद जहां भगवा योद्धा की कार्यप्रणाली से काफी प्रभावित हैं? वहीं उनके सुपुत्र भगवा कमांडर का करते हैं बहुत ही आदर और सत्कार? पिता देते हैं भगवा योद्धा की संगठनात्मक क्षमता का संदेश? पुत्र कराते हैं एहसास आदमी बड़ा हो या छोटा? उसके लिए तैयार रहता है हमेशा भगवा कमांडर का फेस? कहने वाले ने कहा किसी के लिए हो ना हो मगर दोनों के बीच में ये है छोटा- मोटा सा क्लेश?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भले ही भगवा लक्ष्मण ने कर दिया हो कोरी समाज का सम्मेलन बहुत ही खास? मगर हम आपसे कहना चाह रहे हैं कि बहुत ही मुश्किल से पूरी होगी उनकी आस? कहने वाले ने कहा जैसे राम जी के साथ लक्ष्मण जी ने काटा था वनवास? फिलहाल कुछ ऐसा ही चल रहा है साहब? भगवा लक्ष्मण के भगवा राम इस वक्त वनवास वाले दौर से ही गुजर रहे हैं यार? ऐसे में हमें बहुत मुश्किल लग रहा है भगवा लक्ष्मण का उद्धार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं बैठा था संगठन के दो चेहरों के निकट? वो मजबूती से पेश कर रहे थे अपने विचार? कह रहे थे इस बार एमएलसी साहब के लिए राहें आसान नहीं होंगी? मामला शिक्षक का हो या स्नातक का? गाजियाबाद से होंगे 20-20 दावेदार? कहने वाले ने कहा बनाने वाले अभी से बना रहे हैं इस चुनाव को लेकर माहौल? जब चुनाव पास आयें तो गोयल और शर्मा जी के सामने टिकट मांगने के लिए 20-20 किरदार दिखायें अपना रोल?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा गुर्जर कमिश्नर को हो जाना चाहिए सावधान? पता चला है बनाने वाले उनके खिलाफ बना रहे हैं प्लान? संगठन वालों को जाकर दे रहे हैं ये संदेश? कह रहे हैं वो संभाल रहे हैं मंडल की जिम्मेदारी? मगर पापा जी के मौहल्ले से बाहर नजर ही नहीं आता है उनका फेस? वो केवल अपने वार्ड में ही करते हैं पार्टी के प्रोग्राम? कहने वाले ने कहा हम यूं ही नहीं कह रहे? चाहे तो आप उठा कर देख सकते हो पार्टी के अभी तक हुए सभी आयाम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम आपको बता रहे हैं अंदर की बात? हाऊस टैक्स वाले मामले में पूर्व पार्षदों को मिल रहा है अंदरखाने भगवागढ़ के दो प्रमुख जनप्रतिनिधियों का साथ? वहीं से मिल रही है इनके इस मुद्दे को उठाने की चिंगारी? इसलिए पलड़ा दिख रहा है पूरे मामले में पूर्व पार्षदों का भारी? सुना है ये दोनों वो जनप्रतिनिधि हैं जिनके बीच में आजकल ठीक नहीं चल रही है यारी?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा दुहाई वाले चौधरी साहब और कुल में दीप जलाने वाले त्यागी जी पिछले चार दिनों से फिर हो गये हैं भगवा योद्धा की टीम में आने के लिए एक्टिव? भगवा चौधरी को हो गया है इस बात का आभास? अभी महानगर की टीम के गठन तक अपने पद पर बने रहेंगे वेस्टर्न वाले ठाकुर साहब? इसके अलावा कुल में दीप जलाने वाले त्यागी जी, साहिब जी को देना चाहते हैं माकूल जवाब? उन्होंने उठा लिया है संकल्प, कहा है अब तुम कितने ही सितम करो पद तो लेकर रहेंगे ही हम जनाब?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। यह आस्था है, श्रद्धा है और यह जीवन की कामना है। यह सनातन संस्कृति है जिसमें लंबी आयु की कामना परिवार की महिलाएं करती हैं। वट सावित्री व्रत सनातन संस्कृति की एक परंपरा है। स्वीटी रैना ने इस पर्व की खूबसूरत तस्वीरों को फेसबुक पर पोस्ट किया उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# गाजा में इस्राइली हमले, स्कूल से शरणार्थी शिविर में तब्दील जगह पर 36 की मौत, कुल 52 की जान गई

**गाजा।** गाजा में इस्राइल के ताजा हमलों में 52 लोगों की मौत हो गई। हमले दो अलग-अलग जगहों पर किए गए। पहला हमला एक स्कूल से शरणार्थी शिविर में तब्दील जगह पर किया गया, जबकि दूसरा हमला एक आवासीय इमारत पर किया गया। इमारत में 16 लोगों की मौत हुई, जबकि स्कूल से शरणार्थी शिविर में तब्दील स्थल पर इस्राइली हमले में कम से कम 36 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे बताए जा रहे हैं। गाजा पट्टी के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, आपातकालीन सेवा के प्रमुख फहमी अवद ने बताया कि उत्तरी गाजा में स्कूल पर हमले में 55 से ज्यादा लोग घायल भी हुए हैं। स्कूल पर तीन बार हमला किया गया। हमला उस वक्त किया गया, जब लोग सो रहे थे। इससे उनके सामान में आग लग गई।



### इस्राइली सेना ने क्या कहा?

इस्राइली सेना ने कहा कि उसने स्कूल के अंदर एक उग्रवादी कमांड और नियंत्रण केंद्र को निशाना बनाया। इसका इस्तेमाल हमास और इस्लामिक जिहादी हमलों के लिए खुफिया जानकारी जुटाने के लिए करते थे। इस्राइल ने नागरिकों की मौत के लिए हमास को दोषी ठहराया, क्योंकि यह आवासीय क्षेत्रों में काम करता है।

### युद्धविराम समाप्त करने के बाद मार्च में इस्राइल ने हमले फिर से शुरू किए

हमास के साथ युद्धविराम समाप्त करने के बाद मार्च में इस्राइल ने हमले फिर से शुरू कर दिए थे। इस्राइल ने दोहराया कि वह गाजा पर नियंत्रण करने और हमास के खात्मे या हथियार डालने तक लड़ाई जारी रखेगा। इस्राइल ने कहा था कि वह तब तक नहीं रुकेगा, जब तक हमास 7 अक्तूबर, 2023 को हुए हमले में बचे हुए 58 बंधकों को वापस नहीं कर देता। माना जा रहा है कि इनमें से एक तिहाई ही जीवित बचे होंगे। गाजा शहर के शिफा अस्पताल के मुताबिक, एक घर पर एक अलग हमले में एक ही परिवार के 16 सदस्यों की मौत हो गई, जिसमें पांच महिलाएं और दो बच्चे शामिल हैं। हमास के नेतृत्व वाले लड़ाकों ने 7 अक्तूबर के हमले में लगभग 1,200 लोगों की हत्या कर दी थी, जिनमें ज्यादातर नागरिक थे। इस दौरान 251 लोगों का अपहरण कर लिया गया था।

# राष्ट्रपति पुतिन का हेलीकॉप्टर ही यूक्रेनी ड्रोन हमले के निशाने पर था, रूस के शीर्ष कमांडर का दावा

**मास्को।** रूसी सेना के कमांडर ने दावा किया है कि 20 मई को रूस के कुर्स्क क्षेत्र के दौरे के समय यूक्रेन ने रूसी राष्ट्रपति के हेलीकॉप्टर पर ड्रोन हमला किया। उस दौरान राष्ट्रपति पुतिन का हेलीकॉप्टर ही हमले के केंद्र में था। रूसी सेना की एयर डिफेंस डिवीजन के कमांडर यूरी दाशकिन ने यह दावा किया है। दाशकिन ने रूसी मीडिया से बातचीत में बताया कि 'राष्ट्रपति पुतिन के हेलीकॉप्टर की सुरक्षा के लिए हमने लगातार हवाई सुरक्षा की लड़ाई लड़ी। यूक्रेन के ड्रोन हमले का निशाना राष्ट्रपति का हेलीकॉप्टर ही था।' कमांडर ने दावा किया कि राष्ट्रपति पुतिन के हेलीकॉप्टर पर 46 ड्रोन से हमला किया गया।

गौरतलब है कि जैसा कि दावा किया जा रहा है, पुतिन के हेलीकॉप्टर को ऐसे समय निशाना बनाया गया, जब बीते दिनों ही रूस और यूक्रेन के बीच शांतिवार्ता हुई थी। हालांकि इस शांतिवार्ता में कोई खास नतीजा नहीं निकला था, लेकिन तुर्किये में हुई शांतिवार्ता में दोनों देशों के बीच एक-एक हजार कैदियों की अदला-बदली पर सहमति बनी। हालांकि इस बैठक में युद्ध विराम को लेकर सहमति नहीं बन पाई थी। दोनों देशों के बीच दूसरी बैठक के लिए भी नई तारीख तय नहीं हुई है।



### यूक्रेन का दावा- पुतिन के लिए जनसमर्थन जुटाने की कवायद

राष्ट्रपति पुतिन ने हाल ही में कुर्स्क क्षेत्र का दौरा किया था। कुर्स्क, रूस का इलाका है, जिसके बड़े हिस्से पर यूक्रेन ने कब्जा कर लिया था। हालांकि अब कुर्स्क का बड़ा हिस्सा वापस रूस के कब्जे में आ गया है। कुर्स्क पर यूक्रेनी हमला द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पहली बार रूस की धरती पर विदेशी हमला था। अब रूस की सेना, उत्तर कोरियाई सेना की मदद से वापस इस क्षेत्र के अधिकांश हिस्से पर अपना कब्जा कर चुकी है। रूसी कमांडर के दावे को लेकर यूक्रेनी विशेषज्ञों का कहना है कि पुतिन के पक्ष में जनसमर्थन जुटाने के लिए ऐसा दावा किया जा रहा है।

### रूस ने बीती रात यूक्रेन पर किया अब तक का सबसे बड़ा हमला; 355 ड्रोन और नौ क्रूज मिसाइल दागे

रूस ने बीती रात यूक्रेन पर अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया। यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक, करीब 355 ड्रोन और नौ क्रूज मिसाइल रूस की तरफ से कीव और अन्य क्षेत्रों में दागे गए। इस रूसी हमले की जानकारी देते हुए यूक्रेनी वायु सेना के संचार विभाग के प्रमुख यूरी इहनात ने बताया कि रूसी बमबारी में 355 ड्रोन शामिल थे। अधिकारियों ने बताया कि कुछ नागरिक घायल हुए हैं। किसी की मौत की तत्काल सूचना नहीं मिली। वहीं इससे पहले शनिवार की रात को, यूक्रेनी राजधानी कीव और अन्य क्षेत्रों में रूस के ड्रोन और मिसाइलों के संयुक्त हमले में कम से कम 12 लोग मारे गए और दर्जनों घायल हो गए। यूक्रेनी अधिकारियों ने इसे युद्ध के दौरान रूस का सबसे बड़ा हवाई हमला बताया।

## न्यूज डायरी

### अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा बैठक के लिए मॉस्को जाएंगे डोभाल

**मॉस्को।** भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल के अगले सप्ताह की शुरूआत में रूस की सुरक्षा परिषद द्वारा आयोजित एक प्रमुख सुरक्षा बैठक में भाग लेने के लिए जाएंगे। डोभाल को रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव सर्गेई शोइगु की अध्यक्षता में 27-29 मई को सुरक्षा मुद्दों के लिए उच्च प्रतिनिधियों की 13वीं अंतरराष्ट्रीय बैठक के लिए आमंत्रित किया गया है। रूसी सुरक्षा परिषद के अनुसार फोरम में भाग लेने के लिए मोरिक यूनियन (ईएईयू), शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ), सीआईएस, सामूहिक सुरक्षा संधि संगठन (सीएसटीओ), ग्लोबल साउथ और ईस्ट के 150 से अधिक देशों और यूरेशियन इकोनॉमी के साथ-साथ 20 से अधिक अंतरराष्ट्रीय संगठनों के नेतृत्व को निमंत्रण भेजे गए हैं। भारत की तरह, पाकिस्तान भी एससीओ का सदस्य है, और उसके एनएसए लेफ्टिनेंट जनरल असीम मलिक के भी बैठक के लिए मॉस्को में मौजूद रहने की उम्मीद है। पोलैंड में राष्ट्रपति चुनाव के दूसरे चरण से पहले सड़क पर उतरे आक्रोशित यूरोपीय देश पोलैंड में राजनीतिक अस्थिरता का माहौल है। राजधानी वारसॉ में हजारों पोलिश लोगों ने देशभक्ति से ओतप्रोत जुलूस में हिस्सा लिया। एक जून को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले हुई इस रैली में हजारों लोग शामिल हुए। लगभग 38 मिलियन की आबादी वाले पोलैंड में देश के भविष्य को लेकर मंथन हो रहा है। वारसॉ के यूरोपीय संघ समर्थक मेयर 53 वर्षीय राफाल ट्रजाकोव्स्की ने रैली का नेतृत्व किया। वे प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के करीबी राजनीतिक सहयोगी हैं।

### गाजा पर इस्राइली हमलों में दो बच्चों समेत 38 की मौत

**इस्राइल।** इस्राइल ने गाजा पर हमले तेज कर दिए हैं। 24 घंटे के दौरान इस्राइली हमलों में दो बच्चों समेत कम से कम 38 लोग मारे गए। उत्तरी गाजा में अस्पताल अब पहुंच से बाहर हो चुके हैं, जहां से लगातार दूसरे दिन कोई डाटा उपलब्ध नहीं हो पाया। एक स्थानीय डॉक्टर ने शुक्रवार को इस्राइली हमले में अपने 10 में से नौ बच्चों को खो दिया। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इस्राइल की तरफ से युद्धविराम समाप्त करने और मार्च से हमले तेज किए जाने के बाद से इस क्षेत्र में 3,785 लोग मारे गए हैं। इस्राइल ने करीब ढाई महीने से क्षेत्र में खान-पान की चीजें, दवा व ईंधन के प्रवेश पर रोक लगा रखी है। गाजा में इस्राइली हमले में एक डॉक्टर दंपति के 10 में से 9 बच्चों की मौत हो गई। हमले में बच्चों का पिता भी गंभीर रूप से घायल हुआ है और फिलहाल आईसीयू में भर्ती है। हमला खान यूनिस में डॉक्टर के घर पर हुआ। हमले में जीवित बचा एक बच्चा भी घायल है और अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। हमले के वक्त बच्चों की मां घर पर मौजूद नहीं थी, इसलिए वह हमले में बच गई।

### साउथ कैरोलिना में गोलीबारी, 11 घायल

**साउथ कैरोलिना।** अमेरिका के साउथ कैरोलिना के लिटिल रिवर इलाके में गोलीबारी की घटना हुई, जिसमें 11 लोगों के घायल होने की खबर है। घायलों की स्थिति कैसी है, इसके बारे में पुलिस ने कोई जानकारी नहीं दी है। गोलीबारी कैसे और क्यों हुई और किसने की, इसके बारे में भी कोई जानकारी नहीं दी गई है। पुलिस घटना की जांच में जुड़ी है।

### बलूचिस्तान में पत्रकार की हत्या, अपहरण का विरोध करने पर मारे गए अब्दुल लतीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में बंदूकधारियों ने शनिवार को अपहरण का विरोध करने पर बलोच पत्रकार अब्दुल लतीफ बलोच की गोली मारकर हत्या कर दी। लतीफ क्वेटा स्थित एक समाचार पत्र के लिए काम करते थे। कुछ महीने पहले लतीफ के बड़े बेटे का भी अपहरण कर लिया गया था। बाद में उसका शव बरामद हुआ था। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) दानियाल काकर ने बताया, बंदूकधारी लतीफ के अवारन जिले के मश्कय स्थित उनके घर में घुसकर उन्हें अगवा करने का प्रयास कर रहे थे। जब उन्होंने विरोध किया तो बंदूकधारियों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। इसके बाद हमलावर फरार हो गए। पाकिस्तान फेडरल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (पीएफयूजे) समेत कई पत्रकार संगठनों ने डेली इंतिखाब अखबार से जुड़े पत्रकार लतीफ की हत्या की निंदा की है। वहीं मामले में बलूच यकजेहती समिति (बीवाईसी) ने सरकार समर्थित मिलिशिया पर हत्या का आरोप लगाते हुए कहा कि पाकिस्तानी सरकार समर्थित मिलिशिया ने पत्रकार लतीफ को पत्नी व बच्चों के सामने गोली मार दी। बता दें कि लतीफ को अशांत प्रांत में मानवाधिकार उल्लंघन के मामले में उनकी निडर रिपोर्टिंग के लिए व्यापक रूप से सम्मानित किया गया था। उनके काम ने उत्पीड़ितों को आवाज दी और पाकिस्तानी सैन्य अभियानों के तहत बलोच समुदायों की पीड़ा को सार्वजनिक मंच दिया।

# कुवैत ने 37 हजार लोगों की नागरिकता रद्द की, इनमें ज्यादातर महिलाएं



**कुवैत।** कुवैत सरकार ने 37,000 से अधिक लोगों की नागरिकता रद्द कर दी है, जिनमें 26,000 महिलाएं शामिल हैं। यह कदम अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-सबा के सुधारवादी एजेंडे का हिस्सा बताया जा रहा है, जिसका उद्देश्य केवल उन्हीं लोगों को नागरिकता देना है, जिनका रक्त संबंध कुवैत से है। विवाह के माध्यम से नागरिकता प्राप्त करने वाली महिलाओं को विशेष रूप से निशाना बनाया गया है। 1987 के बाद से ऐसी हजारों महिलाओं को नागरिकता दी गई थी, जिसे अब निरस्त किया जा रहा है। नागरिकता रद्द होने से प्रभावित लोग अब कानूनी अनिश्चितता का सामना कर रहे हैं। बैंक खाते फ्रीज हो रहे हैं, पेंशन बंद हो रही है और पहचान छिन जाने की पीड़ा सामने आ रही है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूरोपीय यूनियन पर 50% टैरिफ के फैसले को टाल दिया है। अब इसके लिए 1 जून के बजाय 9 जुलाई की तारीख तय की है। उन्होंने रविवार को कहा कि वो बातचीत के लिए एव को ज्यादा समय देंगे। ट्रम्प ने यह फैसला एव की अध्यक्ष वॉन डेर लेयेन से बातचीत के बाद लिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि अच्छी बातचीत हुई। इससे पहले ट्रम्प ने शुक्रवार को एव पर 50% टैरिफ लगाने की धमकी दी थी।

# 'मैं रोमन हूं!' पोप लियो 14वें बने रोम के बिशप जानें सेंट जॉन लेटरन बेसिलिका से इसका कनेक्शन

**रोम।** पोप लियो 14वें ने रविवार को खुद को रोमन घोषित किया। उन्होंने रोम के बिशप के तौर पर अपनी भूमिका को पुख्ता करने के लिए सभी अनिवार्यताएं पूरी कर ली हैं। उन्होंने अंतिम औपचारिक कदम भी उठा लिए हैं। पहले अमेरिकी पोप ने औपचारिक रूप से सेंट जॉन लेटरन बेसिलिका में अपना स्थान ग्रहण किया। यह रोम का गिरजाघर है। इसे सभी पश्चिमी चर्चों में सबसे प्रतिष्ठित माना जाता है। इसे सभी कैथोलिक चर्चों की जननी भी कहा जाता है।



सेंट जॉन लेटरन बेसिलिका में रोमन पुजारियों और श्रद्धालुओं ने शाम को प्रार्थना की। इसके बाद पोप लियो ने पोपमोबाइल से सेंट मैरी मेजर का दौरा किया, जहां उन्होंने पोप फ्रांसिस की कब्र और रोमन श्रद्धालुओं की प्रिय वर्जिन मैरी की मूर्ति के सामने प्रार्थना की। इसके बाद पोप लियो ने कहा कि वह उन्हें सुनना चाहते थे, ताकि वे सीख सकें, समझ सकें और निर्णय ले सकें। 8 मई को चुने जाने पर पोप लियो ने जो कई उपाधियां ग्रहण कीं, उनमें से एक रोम का बिशप था। 1.4 बिलियन की संख्या वाले सार्वभौमिक कैथोलिक चर्च को चलाने की अपनी जिम्मेदारियों को देखते हुए रोमन के सूबा के संचालन के दैनिक शासन को पोप एक पादरी को सौंपते हैं। सेंट जॉन लेटरन में रविवार के समारोह और सेंट मैरी मेजर बेसिलिका का पड़ाव पिछले सप्ताह लियो की सेंट पॉल आउटसाइड द वॉल्स बेसिलिका की यात्रा के बाद हुआ। रोम के मेयर रॉबर्टो गुआल्टिएरी ने सिटी हॉल की सीढ़ियों पर सबसे पहले लियो का स्वागत किया। उनका 8 मई का चुनाव पवित्र वर्ष के दौरान हुआ था, जो रोम में तीर्थयात्रियों को आमंत्रित करने के लिए हर 25 साल में होने वाला एक आयोजन है। शहर में दो साल तक यातायात समेत कई परियोजनाओं पर काम किया गया। उम्मीद है कि 2025 में 30 मिलियन से ज्यादा लोग आएंगे।

लियो ने कहा कि उन्हें पवित्र वर्ष और उसके बाद सभी रोमनों की सेवा करने की गंभीर लेकिन भावुक जिम्मेदारी मिली है। औपचारिक लाल पोपल कैप और ब्रोकेड स्टोल पहने हुए लियो ने अपने चुनाव की रात सेंट पीटर बेसिलिका के लॉजिया से कहे गए शब्दों को याद किया। ऑगस्टिनियन पोप ने सेंट ऑगस्टीन का जिक्र करते हुए कहा, 'मैं आपके साथ ईसाई हूं और आपके लिए बिशप हूं। आज मैं कह सकता हूं कि आपके लिए और आपके साथ मैं रोमन हूं!'

पहले रॉबर्ट प्रीवोस्ट ने पोप फ्रांसिस का स्थान लिया है, जो पहले लैटिन अमेरिकी पोप थे। फ्रांसिस का निधन 21 अप्रैल को हुआ था। उन्हें सेंट मैरी मेजर में दफनाया गया। यह डोना के आइकन के पास है, जिसे सैलस पॉपुली रोमानी के नाम से जाना जाता है।

# यूएन के लिए बड़ी राहत; ट्रंप ने प्रस्तावित 50% टैरिफ जुलाई तक टाला, हार्वर्ड विवि अनुदान के मसले पर भी बोले

**वाशिंटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूरोपीय संघ (ईयू) से आने वाले सामान पर प्रस्तावित 50 फीसदी आयात शुल्क (टैरिफ) 1 जून से आगे बढ़ाकर अब 9 जुलाई तक टाल दिया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला ईयू के साथ वार्ता के लिए अधिक समय देने के मकसद से लिया गया है। इससे पहले, ट्रंप ने रविवार को यूरोपीय आयोग के प्रमुख उसुर्ला वॉन डेर लेयेन से फोन पर बात की। इस बातचीत में यह सहमति बनी।



ट्रंप के मुताबिक, वॉन डेर लेने ने उनसे कहा कि वह गंभीरता से वार्ता शुरू करना चाहती हैं। न्यू जर्सी के मॉरिस्टाउन में मीडिया से बातचीत में अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, मैंने पहले भी कहा था कि उन्हें (ईयू) ऐसा करना होगा। उन्होंने बताया कि वॉन डेर लेयेन ने जल्द मिलने और समाधान निकालने की बात कही है।

इससे पहले, ट्रंप ने शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में चेतावनी दी थी कि अगर ईयू ने सहयोग नहीं किया तो अमेरिका एक जून से 50 फीसदी टैरिफ लगाएगा। उन्होंने ईयू को व्यापार के मामले में बहुत कठिन बताया था और कहा था कि वार्ता कहीं नहीं जा रही है। हालांकि, रविवार को फोन पर बातचीत के बाद माहौल बदला। इसके बाद ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, मैंने टैरिफ की तारीख 9 जुलाई, 2025 तक बढ़ाने पर सहमति दी है। यह मेरे लिए संतोषजनक रहा।

उधर, वॉन डेर लेयेन ने कहा, ईयू और अमेरिका के बीच दुनिया का सबसे अहम और करीबी व्यापारिक संबंध हैं। यूरोप तेजी से ठोस तरीके से वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि एक अच्छा समझौता करने के लिए हमें नौ जुलाई तक का वक्त चाहिए।

### हार्वर्ड विश्वविद्यालय के मुद्दे पर क्या बोले ट्रंप

हार्वर्ड (विश्वविद्यालय) की समस्या का एक हिस्सा यह है कि वहां करीब 31 फीसदी विदेशी छात्र पढ़ते हैं। हम उन्हें (हार्वर्ड) अरबों डॉलर देते हैं, जो कि बेवकूफी है। हम उन्हें अनुदान देते हैं, लेकिन शायद अब हम हार्वर्ड को ज्यादा अनुदान नहीं देंगे। वहां 31 फीसदी (विदेशी छात्र) हैं, लेकिन वह हमें यह नहीं बताते कि वे कौन लोग हैं। हम यह जानना चाहते हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, बहुत से विदेशी छात्रों से हमें कोई दिक्कत नहीं होगी। मुझे विदेशी छात्रों से दिक्कत नहीं है। लेकिन यह 31 फीसदी नहीं होने चाहिए। यह ज्यादा है, क्योंकि हमारे अमेरिकी छात्र भी वहां और दूसरी जगहों पर जाना चाहते हैं, लेकिन नहीं जा पाते। कोई विदेशी सरकार हार्वर्ड को पैसा नहीं देती। हम देते हैं। तो फिर वे इतने विदेशी छात्र क्यों ले रहे हैं। दूसरा, हम उन विदेशी छात्रों की सूची चाहते हैं और हम पता लगाएंगे कि वे ठीक हैं या नहीं। मैं मानता हूं कि हार्वर्ड में बहुत से छात्र ठीक होंगे और बहुत से खराब भी होंगे। और एक और बात कि वे (हार्वर्ड) बहुत ज्यादा यहूदी-विरोधी हैं, हर कोई जानता है कि वह यहूदी-विरोधी हैं और इसे तुरंत बंद होना चाहिए।

# हसीना का यूनुस पर आरोप- देश अमेरिका को बेच दिया

## सरकार की बागडोर आतंकियों के हाथ में, यूनुस ने उन्हें जेलों से रिहा किया



**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस पर देश को अमेरिका को बेचने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, मेरे पिता अमेरिका की सेंट मार्टिन द्वीप को लेकर रखी गई मांगों से सहमत नहीं हुए थे। उन्हें उसकी कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। मैंने कभी सत्ता में बने रहने के लिए देश बेचने की कल्पना तक नहीं की।

दरअसल पिछले हफ्ते अमेरिकी सेना की एक टुकड़ी ने बांग्लादेश का दौरा किया था। इस दौरान दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों के बीच मुलाकात भी हुई थी। इसके अलावा अमेरिकी सैनिकों ने कॉक्स बाजार के बीच पर बांग्लादेशी सैनिकों के साथ अभ्यास भी किया था।

### हसीना का आरोप देश की कमान आतंकियों को सौंपी

हसीना ने दावा किया कि यूनुस ने सरकार की बागडोर आतंकियों के हाथ में सौंप दी है। पूर्व पीएम ने अपनी पार्टी के फेसबुक अकाउंट पर किए पोस्ट में कहा कि यूनुस ने आतंकियों की मदद से सत्ता पर कब्जा किया है। हसीना ने दावा किया कि उन्होंने जिन प्रतिबंधित आतंकियों को गिरफ्तार किया था, यूनुस ने उन्हें रिहा कर दिया है। आज जेलें खाली हैं।

जून 2021 में बांग्ला अखबारों में दावा किया गया था कि अमेरिका, बांग्लादेश से सेंट मार्टिन द्वीप की मांग कर रहा है। वह यहां मिलिट्री बेस बनाना चाहता है।

इसके बाद बांग्लादेश वर्कर्स पार्टी के अध्यक्ष रशीद खान मेनन ने भी संसद में कहा कि अमेरिका सेंट मार्टिन द्वीप हासिल करना चाहता है और क्वाड का मेंबर बनने के लिए दबाव बना रहा है। सेंट मार्टिन द्वीप जिसे लेकर बांग्लादेश की राजनीति में इतना हंगामा मचा वह सिर्फ 3 वर्ग किमी का एक द्वीप है। म्यांमार से इसकी दूरी सिर्फ 5 मील है। जून 2023 को पीएम हसीना ने कहा था कि विपक्षी पार्टी अगर सत्ता में आई तो वे सेंट मार्टिन बेच देंगे।


### सेंट मार्टिन द्वीप पर अमेरिका की नजर क्यों टिकी है?

1971 में अपनी आजादी के बाद बंगाल की खाड़ी से होकर व्यापार करने वाले दुनिया के दो ताकतवर देश अमेरिका और चीन की नजर इस द्वीप पर है। अमेरिका का इस द्वीप में इंट्रेस्ट होने की दो मुख्य वजहें हो सकती हैं

डिफेंस एक्सपर्ट जे.एस. सोढ़ी के मुताबिक 2023 में चीन ने बांग्लादेश के कॉक्स बाजार में एक नया बंदरगाह बनाया है। यहां चीनी नौसैनिकों की दो सबमरीन तैनात हैं। यहां से चीन आसानी से अपने लॉजिस्टिक सप्लाई कर रहा है। मलक्का स्ट्रेट से होकर चीन के ज्यादातर व्यापार होते हैं। दुनिया के कुल व्यापार का 50% बंगाल की खाड़ी से होकर दुनिया के एक हिस्से से दूसरे हिस्से में पहुंचता है। इन दो वजहों से संभव है कि अमेरिका बंगाल की खाड़ी में अपनी ताकत बढ़ाने के लिए यहां बेस बनाना चाहता हो। संभव है कि साउथ चाइना सी के बाद बंगाल की खाड़ी और प्रशांत, हिंद महासागर में चीन के दबदबे को चुनौती देने के लिए अमेरिका यहां अपनी उपस्थिति दर्ज कराना चाहता हो।

# शहबाज की करतूतों से तुर्किये बेनकाब, एर्दोगन को शुक्रिया कह उजागर किया नापाक चेहरा

**इस्लामाबाद।** सच ज्यादा दिनों तक छिपाया नहीं जा सकता। भारत के खिलाफ साजिश में मदद करने को लेकर आरोपों का सामना कर रहे तुर्किये और चीन कितना भी नकार लें, लेकिन अब सच सबके सामने आ गया है। इसका खुलासा खुद पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने किया है। शरीफ की करतूतों से तुर्किये बेनकाब हो गया है। उन्होंने तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन को शुक्रिया कह सबकुछ उजागर कर दिया है।



दरअसल, एर्दोगन ने शहबाज के साथ इस्तांबुल में मुलाकात की। बातचीत पाकिस्तान और भारत के बीच तनाव बढ़ने के कुछ ही सप्ताह बाद हुई। शहबाज ने भारत के खिलाफ दृढ़ समर्थन के लिए एर्दोगन को धन्यवाद दिया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर शहबाज ने लिखा, 'इस्तांबुल में अपने प्रिय भाई राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन से मिलने का मौका मिला। हाल ही में पाकिस्तान-भारत गतिरोध में पाकिस्तान को उनके दृढ़ समर्थन के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।'

शहबाज ने आगे लिखा, 'पाकिस्तान के लोगों की ओर से अपने तुर्किये के भाइयों और बहनों के प्रति आभार व्यक्त किया। हमने अपने बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों, खात तौर पर व्यापार और निवेश में चल रही प्रगति की भी समीक्षा की। भाईचारे और सहयोग के अटूट बंधनों को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करना जारी रखने के अपने संकल्प को दोहराया।'

### एर्दोगन ने पाकिस्तान की नापाक हरकतों का समर्थन किया

भारत के साथ संघर्ष बढ़ने के बाद एर्दोगन ने पाकिस्तान का समर्थन किया। 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने पर्यटकों पर हमला किया। आतंकियों ने 25 भारतीय नागरिक और एक नेपाली नागरिक की नृशंस हत्या कर दी। भारत ने पाकिस्तान पर इस हमले की साजिश रचने का, आतंकियों को पनाह देने का और उनकी मदद करने का आरोप लगाया। पाकिस्तान ने इसका खंडन किया। पाकिस्तान ने पहलगाम हमले की अंतरराष्ट्रीय जांच की मांग की। एर्दोगन ने इसका भी समर्थन किया। जवाब में भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर स्ट्राइक की। इससे बौखलाए पाकिस्तान ने भारत में नागरिकों और सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमले की कोशिश की। भारत ने उसके हर मंसूबों पर पानी फेरा। पाकिस्तान ने जिन ड्रोन का इस्तेमाल किया, वह तुर्किये में बनाए गए थे। चार दिन के संघर्ष के बाद 10 मई को दोनों पक्ष संघर्ष विराम पर सहमत हुए।

### एर्दोगन का जवाब

तुर्किये के राष्ट्रपति कार्यालय के एक बयान के मुताबिक, बैठक का मकसद दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करना था। ऊर्जा, व्यापार, परिवहन और रक्षा क्षेत्रों में मतबूत होते रिश्तों को और आगे ले जाना था। एर्दोगन ने खुफिया जानकारी साझा करने और आतंकवाद विरोधी जैसे क्षेत्रों में तुर्किये-पाकिस्तान के बीच सहयोग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों को क्षेत्रीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करना जारी रखना चाहिए। शरीफ के पोस्ट के जवाब में राष्ट्रपति एर्दोगन ने लिखा, 'हमने उनके साथ कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। खासकर अर्थव्यवस्था, व्यापार और सुरक्षा पर। हमने तुर्किये और पाकिस्तान के बीच हर क्षेत्र में गहरे ऐतिहासिक, मानवीय और राजनीतिक संबंधों को मजबूत करने की अपनी इच्छा को दृढ़ किया। जैसा कि मेरे प्यारे भाई शहबाज ने कहा, हमने अपने देश और लोगों के बीच अटूट संबंधों, सहयोग, एकजुटता और भाईचारे को और मजबूत किया है। मैं शरीफ के माध्यम से अपने पाकिस्तानी भाइयों को अपना हार्दिक प्यार व्यक्त करता हूं।'

### 5 बिलियन डॉलर का व्यापार लक्ष्य

बैठक के बाद तुर्किये के संचार निदेशालय ने एक बयान जारी किया। इसमें कहा गया कि बैठक के दौरान राष्ट्रपति एर्दोगन ने कहा कि तुर्किये और पाकिस्तान अपने संबंधों को आगे बढ़ाने और पांच बिलियन डॉलर के व्यापार लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कदम उठाना जारी रखेंगे।

# अहिल्याबाई होल्कर अभियान का भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशौदिया ने किया सफल समापन

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर कीर्ति शताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत गाज़ियाबाद महानगर भाजपा द्वारा आयोजित भव्य प्रदर्शनी का समापन समारोह अत्यंत भक्ति मय गीत संगीत के वातावरण में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने देवो के देव महादेव प्रभु शिव के भक्ति गीतों का परम आनंद लिया।





## सतेन्द्र शिशौदिया ने सफल आयोजन के लिए कार्यकर्ताओं की प्रशंसा की

**करंट क्राइम।** महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में लगाई गई इस विशेष प्रदर्शनी में अहिल्याबाई होल्कर के जीवन, संघर्ष, न्यायप्रियता, तथा लोकसेवा के अद्वितीय आदर्शों को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया। शिशौदिया ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा, 'यह आयोजन लोकमाता वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर की गौरवगाथा को जन-जन तक पहुँचाने की दिशा में एक सशक्त प्रयास है। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल व उनकी पूरी टीम ने इसे आमजन की पहुँच में लाकर अद्वितीय कार्य किया है, इसके लिए वे प्रशंसा के पात्र हैं।' उन्होंने आगे कहा कि यह केवल एक प्रदर्शनी नहीं बल्कि जनमानस को धर्म, न्याय और सेवा के पथ पर अग्रसर करने वाली प्रेरणा की स्रोत है। अपने संबोधन में सतेन्द्र सिसोदिया ने लोकमाता अहिल्याबाई के जीवन की प्रमुख घटनाओं, उनके सामाजिक दृष्टिकोण और न्यायपूर्ण शासन व्यवस्था का उल्लेख करते हुए सभी से उनके जीवन से प्रेरणा लेकर सेवा, धर्म और न्याय के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया ने विशेष रूप से अभियान के संयोजक बॉबी त्यागी, गुंजन शर्मा, विनोद कसाना, गौरव चोपड़ा, नवनीत मित्तल, पूनम कौशिक एवं मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी सहित प्रदर्शनी के आयोजन में लगे कार्यकर्ताओं के समर्पित प्रयासों की सराहना की।

# एमएसआरटी टीम ने शानदार प्रदर्शन कर टूर्नामेंट जीता

## टीम के मुख्य कोच ने सभी खिलाड़ियों को जीत की बधाई दी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** फाइनल मुकाबले में एमएसआरटी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए एमआईएसएफटी-11 को हराकर खिताब अपने नाम किया। एमआईएसएफटी-11 की मजबूत बल्लेबाजी एमएसआरटी की धारदार गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी और टीम को मैदान छोड़ना पड़ा। जहां पूरे टूर्नामेंट में एमआईएसएफटी-11 का दबदबा रहा, वहीं फाइनल में एमएसआरटी की बॉलिंग यूनिट ने निर्णायक बढ़त दिलाई।

ग्राउंड ओनर दिनेश ने नियमानुसार एमएसआरटी को विजेता घोषित किया। टीम के मुख्य कोच रविंद्र भाटी ने सभी खिलाड़ियों को जीत की बधाई दी। कप्तान मुनेश शर्मा और उपकप्तान अमित तिवारी ने कहा, 'टीम बेहतरीन प्रदर्शन कर रही है, सभी को शुभकामनाएं।'

टीम के खिलाड़ियों – राहुल नागर, आशुतोष सिंह, राजा, नदीम, मनीष राय, सुशील भाटी, मानव, आशीष भाई, दिनेश-केडी, राहुल द्विवेदी, निसार - ने संयुक्त बयान में कहा, 'यह सफलता कठिन मेहनत और टीम वर्क का नतीजा है।'

अनुराग शुक्ला, बबलू चौहान, योगेश पाटिल, पंकज गुप्ता, रजनीश सिंह, आकाश यादव, नीरज झा, रोहित ठाकुर, सोविन्द्र और ओम दत्त शर्मा ने कहा, 'यह जीत हमारी एकता और संकल्प का प्रतीक है, हमें अपनी टीम पर गर्व है।'

# अपराधियों के बढ़ते हौसले चिंता का विषय : अजय गुप्ता



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बीता सप्ताह पुलिसकर्मियों पर रहा हावी। तीन ऐसी घटनाएं जिसने हर व्यक्ति के दिल को झकझोर कर रख दिया। पहली घटना अंकित तोमर पुलिसकर्मी द्वारा एक महिला को डूबने से बचने के लिए, अपनी जान गंवानी पड़ी।

**दूसरी घटना** एसीपी ऑफिस की छत गिर जाने से एक पुलिसकर्मी की जान चली गई।

**तीसरी घटना** मसूरी के नाहल गांव में नोएडा पुलिस अपराधी को गिरफ्तार करने के लिए गई पर अपराधियों द्वारा की गई फायरिंग से एक पुलिसकर्मी को गोली लग गई और उसकी मृत्यु हो गई। शहीद हुए तीनों पुलिसकर्मी और उनके परिवार के लिए अपनी संवेदनाएं प्रकट करता हूं और गोली चलाने वाले प्रत्येक अपराधियों की आलोचना करते हुए उनको कठिन से कठिन दंड देने के लिए प्रशासन से मांग करता हूं। ताकि भविष्य में अपराधियों के हौसले बुलंद ना हों और उन पर कड़ी कार्रवाई हो। प्रभु से प्रार्थना करता हूं कि तीनों परिवारों को अपार दुख सहने की शक्ति दे।

# कौशांबी कारवां ने चलाया प्लास्टिक मुक्त अभियान

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कौशांबी पंचमणि टावर उदयगिरि कंचनजंगा के आसपास कौशांबी कारवां की तरफ से प्लास्टिक मुक्त करने के लिए एक मुहिम चलाई गई। इसमें सभी सब्जी, फल व सभी प्रकार के ठेले वालों को कारवां की तरफ से थैले दिए गए। और उनसे कहा गया कि आगे से प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करेंगे। इसमें मुख्य रूप से पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल, कारवां महासचिव विनय महेश्वरी द्वारा कौशांबी को प्लास्टिक मुक्त करने के यह अभियान चलाया गया। इस अवसर पर राकेश जाखोटिया, वेदांता, शिशिर, परितोष, मनीष जैन, गौरव वर्मा, ओबेरॉय नवीन माथुर, विक्रम सिंह, मंगल सिंह सजवान आदि लोग मौजूद रहे।

# कामकुस कॉलेज ऑफ लॉ ने एक दिवसीय कार्यशाला का किया आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कामकुस कॉलेज ऑफ लॉ सेक्टर-23 संजय नगर गाजियाबाद द्वारा वेद दक्षा फाउंडेशन चिंरजीव विहार गाजियाबाद में महिलाओं और बच्चों को सार्वजनिक स्थानों जैसे स्कूल, अस्पताल, रेलवे स्टेशन एवं बस, रेल, तथा आनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे वाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि पर हो रहे लैंगिक उत्पीड़न से बचाने तथा बच्चों के अधिकार और उनके कर्तव्यों को समझाने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला के माध्यम से नागरिकों को उनके संविधानिक कर्तव्यों का पालन करने के लिए बताया गया साथ ही मौलिक अधिकारों के हनन होने पर न्यायिक उपचार बताएं गए। लैंगिक उत्पीड़न के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए विधि के विद्यार्थियों द्वारा बच्चों के समक्ष नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किए। सभी लोगों को एक अच्छा और सच्चा नागरिक बनकर राष्ट्र तथा समाज की सहायता एवं सेवाएं करने के लिए आग्रह किया। इस कार्यशाला में मुख्यातिथि के रूप में वेद दक्षा फाऊंडेशन की संस्थापिका डॉ ऊषा त्यागी, सुनेना देशवाल, अंजलि कलिका सिंघल, रितिक, कंचन, कशिश वर्मा और इस कार्यशाला के संयोजक दीपक उपस्थित रहे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।



ॐ शान्ति ॐ

आपको बड़े दुख के साथ सूचित किया जाता है कि अजयचन्द भाटी(अज्जू भाटी) के पुत्र

**ललित भाटी**

का स्वर्गवास दिनांक शनिवार 17 मई 2025 को हो गया है। उनकी दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए

दिन बुधवार 28 मई 2025 ब्रह्मभोज दोपहर 12.00 बजे

**श्रद्धांजली सभा**

दिन बुधवार 28 मई 2025 को दोपहर 2.00 से 3.00 बजे तक
स्थान : भाटी पेलेश, मेन रोड, जवाहरपार्क, साहिबाबाद, गा. बाद

अतः दिवंगत आत्मा की शान्ति हेतु शोक सभा में पहुँचकर श्रद्धांजली अर्पित करें

शोकाकुल परिवार :
श्री अजयचन्द भाटी(अज्जू भाटी)
फोन 9891887083
श्री श्यामपाल भाटी (ताऊ)
श्री मुकेश भाटी(चाचा)
श्री सरदार सिंह भाटी(चाचा)
पूर्व डिप्टी मेयर गाजियाबाद
फोन : 9868544211

शोक संतृप्त :
हरीश भाटी
9650543333
अशोक भाटी
यशपाल भाटी
राकेश भाटी
सुधीर भाटी
हरकेश भाटी
रवि भाटी(पार्षद)
9971660071
आकाश भाटी
रियांश भाटी(पुत्र)
समस्त भाटी परिवार

